RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार 13 दिसंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 271 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

आज होगी शुरूआत

विकसित भारत - विकसित छत्तीसगढ़

के निर्माण की

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

की गरिमामयी उपस्थिति में

छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री

श्री विष्णु देव साय

एवं

मंत्रिमण्डल के सदस्यगण आज लेंगे

शपथ

सेवा की | सुशासन की | सुरक्षा की | विकास की

दिनांक- 13 दिसम्बर, 2023
स्थान- साईंस कॉलेज मैदान, रायपुर
समय- दोपहर 2.00 बजे

संवाद - 39068

सबका साथ-सबका विकास
सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

हमने बनाया है हम ही संवारेंगे

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

छत्तीसगढ़ के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की

गारंटी

कृषक उन्नति योजना

हम "कृषक उन्नति योजना" की शुरुआत करेंगे, जिसके अंतर्गतः

- 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी ₹ 3,100 में की जाएगी।
- किसानों का पैसा बिना लम्बी कतारों के एक ही किस्त में पूरा भुगतान सुनिश्चित करने के लिए हर पंचायत भवन में बैंकों के नकदी आहरण काउंटर स्थापित करेंगे।
- प्रदेश में धान खरीद से पहले ही बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

महतारी वन्दन योजना

हम 'महतारी वन्दन योजना' की शुरुआत कर प्रदेश की प्रत्येक विवाहित महिला को ₹ 12,000 की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।

18 लाख प्रधानमंत्री आवास एवं घर-घर निर्मल जल अभियान

हम अपनी पहली 'कैबिनेट बैठक' में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित 18 लाख घरों का निर्माण पूरा करने के लिए धन-राशि का आवंटन करेंगे एवं 2 साल के अंदर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक घर में पीने का पानी उपलब्ध करवाएंगे।

बोनस की गारंटी

सुशासन दिवस के अवसर पर 25 दिसंबर 2023 को किसान भाइयों को मिलेगा 2 वर्ष का बकाया धान बोनस

पी.एस.सी. परीक्षा में पारदर्शिता

हम राज्य में सभी प्रमुख परीक्षाओं की प्रक्रिया को UPSC की तर्ज पर सुव्यवस्थित करेंगे, ताकि भविष्य में सभी शासकीय भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता का समावेश हो।

विकसित भारत - विकसित छत्तीसगढ़

नयी सुबह, नयी सोच

अब होगा विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ का निर्माण

सबका साथ - सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

संवाद-39073

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार 13 दिसंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 271 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...





श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी

तेंदूपत्ता संग्रहण दर एवं बोनस

- हम प्रदेश में तेंदूपत्ता का संग्रहण ₹ 5,500 प्रति मानक बोरा में करेंगे।
- वर्तमान संग्रहण अवधि में 15 दिनों की बढ़ोतरी की जाएगी।
- इसके अतिरिक्त संग्राहकों को ₹ 4,500 तक बोनस, चरणपादुका एवं अन्य सुविधाएँ पुनः प्रदान की जाएंगी।

श्रीरामलला दर्शन

हम प्रदेशवासियों को हमारे आस्था के प्रतीक प्रभु श्रीरामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या लेकर जाएंगे।

दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना

हम 'दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना' की शुरुआत कर प्रत्येक भूमिहीन खेतिहर मजदूर को हर साल 10,000 की आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे।

रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती

हम प्रदेश के 1 लाख रिक्त शासकीय पदों पर समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से भर्ती सुनिश्चित करेंगे।

500 में सिलेंडर

हम गरीब परिवारों की महिलाओं को 500 में गैस सिलेंडर प्रदान करेंगे, इससे महिलाओं को अपनी गृहस्थी चलाने में मदद मिलेगी।

संकल्प निभाएंगे
समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाएंगे...

संवाद-39073

सबका साथ - सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

दैनिक नवप्रदेश
अभिव्यक्ति, समता, समरसता
प्रदेश के साथ पूरा देश...
RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार 13 दिसंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 271 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

कश्मीर से कन्या कुमारी तक भारत एक है का नारा अब सही मायनों में सार्थक सिद्ध हो गया है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35 (ए) के खात्में पर अब सुप्रीम कोर्ट की मुहर लग गई है। इससे देश विरोधी और अलगाववादी ताकतों को जोर का झटका जोर से लग गया है खासतौर पर जम्मू कश्मीर को अपने बाप की जागीर समझने वाली परिवारवादी पार्टियों के पेट में मरोड़ उठ रही है। अब उनकी खानदानी दुकानदारी बंद होने का खतरा पैदा हो गया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि अब्दुल्लाह एंड संस और महबूबा मुफ्ती कैसे मुफ्त की नेतागीरी करेंगे।

संदर्भ : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की ताजपोशी

तो क्या जातीय जनगणना का विपक्षी एजेंडा धराशायी हो जाएगा...

यशवंत धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। तीन राज्यों के चुनाव परिणामों के बाद मुख्यमंत्रियों के चयन में फूंक-फूंक कर पांव रख रही भारतीय जनता पार्टी ने अंततः विपक्ष के जाति जनगणना के एजेंडे में छेद करना शुरू कर दिया है। तीनों राज्यों में मुख्यमंत्रियों का चेहरा घोषित किए बिना शानदार बहुमत के साथ भाजपा की वापसी हुई। सबसे पहले छत्तीसगढ़ में वरिष्ठ आदिवासी नेता विष्णुदेव साय के नाम की घोषणा के साथ ही यह तय हो गया था कि भाजपा और संघ की सोशल इंजीनियरिंग से पार पाने के लिए विपक्ष को अभी और मेहनत करनी पड़ेगी। दरअसल, विष्णुदेव साय के नाम की घोषणा इस बात का संकेत है कि छत्तीसगढ़ की 32 फीसदी और पूरे देश की 37 आदिवासी आबादी के लिए यह स्वर्णिम काल होगा। राज्य में विधानसभा की 29 सीटें और लोकसभा की 4 सीटें आदिवासियों के लिए आरक्षित है।

जिसमें से एक बस्तर की सीट कांग्रेस के पास है। इसके अलावा राज्य की 20 विधानसभा की सामान्य सीटें ऐसी है जहां की आबादी 20 से 50 हजार तक आबादी है। विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने से न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि सीमावर्ती राज्य मध्यप्रदेश, झारखंड, ओड़िशा में भी भाजपा का प्रभाव पड़ेगा। सामने लोकसभा की चुनाव है और विपक्ष जाति जनगणना को लेकर सरकार पर आक्रामक है, लेकिन तीन राज्यों के चुनाव में भाजपा को मिली जीत संजीवनी की काम कर रही है। यही वजह है कि भाजपा अपने सोशल इंजीनियरिंग का इस्तेमाल करते हुए एसटी, ओबीसी को साध रही है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की नियुक्ति इसी रणनीति का हिस्सा है। दरअसल, इस नियुक्ति से यूपी और बिहार के यादव नेताओं को साफ संदेश है कि भाजपा ओबीसी को किस हद तक भागीदारी दे सकती है। जहां तक सवाल छत्तीसगढ़ का है, पहले दिन से ही राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री की मांग होती रही। कहने को पहले आदिवासी मुख्यमंत्री कांग्रेस से अजीत जोगी बने भी, लेकिन अंत तक उनके आदिवासी होने और नहीं होने के लेकर असमंजस बना रहा। और उन्हीं की कांग्रेस की सरकार ने यह साबित कर दिया कि जोगी आदिवासी नहीं थे। उनकी मरवाही विस सीट से उनके पुत्र अमित जोगी को चुनाव लड़ने से महज इसलिए रोका गया कि अमित का जाति प्रमाण पत्र असली नहीं है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार असली आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाकर राज्य की 32 फीसदी आदिवासी आबादी का सम्मान किया है।

पीएम मोदी और शाह की उपस्थिति में आज विष्णुदेव साय मंत्रीमंडल की शपथ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज दोपहर 2 बजे पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। साइंस कॉलेज मैदान में होने वाले समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे। वहीं शपथ ग्रहण कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, ेंद्रीय मंत्री डा. मनसुख मांडविया, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन समेत दूसरे राज्यों के कुछ मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। वहीं बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव और कवर्धा के नवनिर्वाचित विधायक विजय शर्मा डिप्टी सीएम के के रूप में शपथ ले सकते हैं। संभावना है कि कुछ विधायक भी मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, सामान्य वर्ग से 4, ओबीसी और आदिवासी वर्ग से 5-5 नाम मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं। आदिवासी वर्ग से मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद अब 4 नाम ही बचे हैं। इस बार मंत्रिमंडल में सरगुजा, बिलासपुर और बस्तर संभाग का दबदबा रहेगा। सरगुजा संभाग से 3, बिलासपुर संभाग से 3-4, रायपुर संभाग से 2-3, बस्तर से 3 और दुर्ग संभाग से 2 नाम मंत्रिमंडल में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं।

इन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करने की चर्चा

पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष, बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर, रामविचार नेताम, केदार कश्यप, लता उसेंडी, ओपी चौधरी, भैयालाल राजवाड़े, राजेश मूणत, अमर अग्रवाल, पुन्नूलाल मोहले और खुशवंत साहेब को मंत्री बनाने की चर्चा है।

शपथ ग्रहण के लिए बनाए गए तीन मंच

शपथ ग्रहण समारोह के लिए तीन विशाल मंच बनाए जा रहे हैं, जिसमें बीच के मंच में शपथ ग्रहण होगा तथा एक ओर अतिविशिष्ट आमंत्रित व्यक्तियों तथा दूसरी ओर नवनिर्वाचित विधायकों के लिए मंच बनाया जा रहा है। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल में विशिष्ट अतिथियों, मीडिया प्रतिनिधियों और आमजनों के बैठने के लिए अलग-अलग सेक्टर बनाए जा रहे हैं। ज्यादा से ज्यादा लोग शपथ ग्रहण को देख सके इसके लिए एलईडी स्क्रीन भी लगायी जा रही है।

ऐतिहासिक होगा शपथग्रहण समारोह

छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व लोरमी विधायक अरुण साव ने कहा, भाजपा को वोट प्रतिशत और सीटों के हिसाब से ऐतिहासिक जीत मिली है। शपथ ग्रहण समारोह भी ऐतिहासिक होने वाला है। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 2 बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। देश के पीएम नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अनेक राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय मंत्रियों का आमंत्रित किया गया है।

सीएम साय ने फोन कर भूपेश और टीएस को दिया आंमत्रण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को फोन कर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इसके साथ ही राज्य शासन द्वारा सभी राजनीतिक पदाधिकारियों, विशिष्टजनों को आमंत्रित किया जा रहा है।

50 हजार कुर्सियां, सुरक्षा में एक हजार जवान तैनात

आयोजन स्थल में मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, विद्युत व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था आदि के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मैदान में 50 हजार से अधिक लोगों की बैठक व्यवस्था की तैयारी चल रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगभग 1000 पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। रायपुर शहर के चौक-चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट आदि अन्य जगहों पर सघन चेकिंग अभियान जारी है।

गणतंत्र दिवस पर भारत नहीं आ रहे जो बाइडेन, खुद मोदी ने दिया था न्योता

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन गणतंत्र दिवस के मौके पर भारत नहीं आ रहे। उन्हें भारत सरकार की ओर से इसका आमंत्रण मिला था, लेकिन अब अब तक जो बाइडेन के आने के प्लान की जानकारी नहीं मिली है। पूरी बात की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने यह बात कही है। जी-20 समिट के दौरान ही पीएम नरेंद्र मोदी ने जो बाइडेन को द्विपक्षीय वार्ता में 26 जनवरी को भारत आने का न्योता दिया था। 26 जनवरी के आसपास ही भारत में क्वाड समिट का आयोजन भी होना है। सूत्रों का कहना है कि अब क्वाड समिट का आयोजन 2024 में ही बाद में होगा।

मप्र में मोहन यादव आज लेंगे सीएम पद की शपथ, आएंगे पीएम मोदी-शाह

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव आज बुधवार को दोपहर 12 बजे पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाले समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला डिप्टी सीएम के रूप में शपथ लेंगे। संभावना है कि कुछ विधायक भी मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। सोमवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से मोहन यादव को विधायक दल ■ शेष पृष्ठ 7 पर

भजनलाल शर्मा राजस्थान के नए सीएम दीया कुमारी-प्रेमचंद बैरवा डिप्टी सीएम होंगे

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के नए मुख्यमंत्री का ऐलान हो गया है। सांगानेर से विधायक भजनलाल शर्मा को विधायक दल का नेता चुना गया है। मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में हुई विधायक दल की बैठक में भाजपा हाईकमान द्वारा तय किए गए नाम का ऐलान किया गया और उस नाम पर सभी की सहमति बन गई। सूत्रों के मुताबिक नए मुख्यमंत्री के नाम का प्रस्ताव वसुंधरा राजे ने ही रखा। भजनलाल शर्मा संघ पृष्ठभूमि से आते हैं। वे मूलतः भरतपुर के रहने वाले हैं। वे प्रदेश महामंत्री के ■ शेष पृष्ठ 7 पर

देश में अवैध प्रवासियों की गिनती संभव नहीं : केंद्र सरकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि भारत में अवैध प्रवासियों का डेटा कलेक्ट करना संभव नहीं है। विदेशी नागरिक भारत में चोरी-छिपे घुसते हैं। इनका पता लगाना, हिरासत में लेना और बाहर निकालना काफी मुश्किल है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट असम में अवैध प्रवासियों से जुड़ी सिटीजनशिप एक्ट की धारा 6 ए से जुड़ी 17 याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। इस मामले पर 7 दिसंबर को पिछली सुनवाई हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से 11 दिसंबर तक 1 जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 तक असम में बांग्लादेशी शरणार्थियों को दी गई नागरिकता का डेटा मांगा था। इस

पर केंद्र ने आज एफि डेविट दाखिल किया। केंद्र ने बताया कि अब तक 17,861 विदेशियों को भारत की नागरिकता दी गई है। वहीं 2017 से 2022 के बीच 14,346 विदेशियों को उनके देश वापस भेजा गया। असम में अवैध प्रवासियों को नागरिकता देने से जुड़ी सिटीजनशिप एक्ट की कानून वैधता पर पांच जजों की बेंच सुनवाई कर रही है। इस बेंच में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं।

सीएम मुझे मारने लोग भेज रहे, शारीरिक नुकसान पहुंचाना चाहते हैं : आरिफ मोहम्मद खान

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। केरल गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान ने मंगलवार को दावा किया कि राज्य के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन उन्हें शारीरिक तौर पर नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए वे साजिश रच रहे हैं और लोगों को भेज रहे हैं। आरिफ मोहम्मद ने पुलिस पर भी राज्य सरकार की असंवैधानिक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया। दरअसल, सोमवार को आरिफ मोहम्मद खान दिल्ली जाने के लिए तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट के लिए निकले थे। एयरपोर्ट के रास्ते में ही उनके काफि ले पर हमला हुआ। इस हमले का आरोप सत्ताधारी सीपीआई (एम) के स्टूडेंट विंग एसएफआई (स्टूडेंट विंग ऑफ इंडिया) पर लगाया गया था। इसी हमले को लेकर गवर्नर ने कहा कि

आज राजधानी की सड़कों पर गुंडों का राज हो गया है। आरिफ मोहम्मद ने सोमवार शाम को बताया, 'जब मैं एयरपोर्ट के लिए जा रहा था, तो वे लोग मेरी कार के सामने आए। उन्होंने दोनों तरफ से मेरी कार को टक्कर मारी। मैं नीचे उतर गया। क्या पुलिस ऐसे किसी को मुख्यमंत्री की कार के पास आने देती?' 'पुलिस को सब पहले से पता था, लेकिन जब सीएम ही उसे आदेश दे रहे हों तो पुलिस क्या ■ शेष पृष्ठ 7 पर

चुनाव आयोग को कमजोर करने का प्रयास : कांग्रेस

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त एवं अन्य आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें एवं पदावधि) विधेयक 2023 प्रजातंत्र का आधार कुचलने का प्रयास है। उन्होंने सदन में मंगलवार को इस विधेयक पर चर्चा शुरु करते हुए कहा कि इससे प्रजातंत्र के आधार पर आघात लगेगा। प्रजातंत्र का आधार निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव है और इनके आधार चुनाव आयोग है। यह विधेयक चुनाव आयोग को कमजोर करता है। उन्होंने डॉ बी आर अम्बेडकर के वक्तव्य का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार अगर समग्रता और जन भावना को समझती तो इस विधेयक को लेकर नहीं आती। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया सरकार के हस्तक्षेप से बाहर होनी

चाहिए। इससे पहले विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने सदन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त एवं अन्य आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें एवं पदावधि) विधेयक 2023 को विचार एवं पारित करने के लिए पेश किया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों के अनुरुप लाया गया है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास ने इस विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा। सुरजेवाला ने कहा कि ऐसा चुनाव आयोग जो कार्यपालिका द्वारा नियुक्त किया जा रहा है, वह लोकतंत्र को खत्म कर देगा। ऐसा चुनाव आयोग निष्पक्षता और स्वतंत्रता को खत्म कर देगा। यह विधेयक संविधान और संविधान निर्माताओं की भावना को खत्म कर देगा। सरकार ने ऐसा जानबूझकर कर रही है। कांग्रेस सदस्य ने कहा कि सरकार बहुमत में हैं और मनमाने फैसले कर रही है। वह चुनाव आयोग में अपने लोग बिठाना चाहती है। इसलिए यह विधेयक लाया गया है। सरकार जेबी चुनाव आयोग चाहती है और ऐसा चुनाव आयोग जो उनके इशारे पर काम करता रहे। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा ठीक नहीं है। सरकार मनमानी तरीके से कानून बना रही है।

गरमा-गरम

कांग्रेस विधायक दल की पहली बैठक आज, विधायक चुनेंगे विपक्ष का नेता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सीएम घोषित होने के बाद अब नेता प्रतिपक्ष चुने जाने की तैयारियां तेज हो गई है। कांग्रेस पार्टी ने आज 13 दिसंबर को विधायक दल की बैठक रखी है। इस बैठक में कांग्रेस पार्टी विपक्ष का नेता चुनेगी। पहले समीकरण था कि जो सीएम बनेगा उसके आधार पर नेता प्रतिपक्ष चुना जाएगा। अब आदिवासी सीएम बनने के बाद चर्चा है कि कांग्रेस ओबीसी नेता प्रतिपक्ष चुनेगी। 2023 विधानसभा चुनाव के नतीजों में कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं को हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के पास वैसे तो 35 ■ शेष पृष्ठ 7 पर

डॉ. चरणदास महंत सबसे मजबूत दावेदार

विधानसभा में नेता विपक्ष के लिए कांग्रेस को एग्रेसिव नेता की तलाश है। इसमें पूर्व

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत का नाम सबसे ऊपर है। वे ओबीसी चेहरा भी हैं। इसके अलावा उमेश पटेल की भी चर्चा है। उमेश, भूपेश सरकार में उच्च शिक्षा और युवा खेल कल्याण मंत्री भी थे। वे भी ओबीसी चेहरा हैं। इसके बाद पार्टी के पास दलेश्वर साहू और भोलाराम साहू का ही नाम बचता है। दलेश्वर का नाम भी चर्चा में है। विधानसभा में उनके सवाल चर्चा में रहते हैं। साथ ही ओबीसी चेहरा हैं।

पीसीसी चीफ को भी बदलने की चर्चा : वहीं प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष दीपक बैज को भी बदलने की चर्चा है। दीपक बैज बस्तर लोकसभा से सांसद भी हैं। विधानसभा चुनाव के चंद महीने पहले ही उन्हें अध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन वे खुद चुनाव नहीं जीत सके। उम्मीद के मुताबिक चुनाव परिणाम नहीं आने के बाद से ही उन्हें हटाने की खबर है। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

राज्यसभा में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा बिल पास

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र के सातवें दिन गृह मंत्री अमित शाह ने तीनों क्रिमिनल बिल को वापस ले लिए। इनकी जगह तीन नए क्रिमिनल बिल लोकसभा में पेश किए गए। शाह ने कहा कि संसदीय पैनल ने विधेयकों में सुधार की सिफारिश की थी। सरकार ने संशोधन लाने के बजाय बदलावों को शामिल करते हुए नए विधेयक लाने का फैसला किया। उधर, राज्यसभा में सीईसी, ईसी की नियुक्तियों, सेवा शर्तों को विनियमित करने वाला विधेयक ध्वनिमत से पास हो गया। विपक्ष ने विरोध में

कहा था कि यह बिल सुप्रीम कोर्ट के फैसले को दरकिनार करने लाया गया है। इसके बाद सभी विपक्षी सांसद वॉक आउट कर गए। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों से नियुक्ति से जुड़ा बिल राज्यसभा से पास हो गया है। कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने यह बिल पेश किया था। इसे चुनाव आयोग (चुनाव आयुक्तों की सेवा की शर्तें और कामकाज का संचालन) अधिनियम, 1991 की जगह लाया गया है। बिल को पारित करवाने के दौरान मेघवाल ने कहा कि नया कानून जरूरी हो गया है क्योंकि पहले के कानून में कुछ कमजोरियां थीं। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को भी खारिज कर दिया कि यह विधेयक सुप्रीम कोर्ट के फैसले को दरकिनार करने के लिए लाया गया है।

संपादकीय

370 के खात्में पर ' सुप्रीम' मुहर

जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35 (A) के खात्में पर अब सुप्रीम कोर्ट ने भी मुहर लगा दी है। गौरतलब है कि आज से 4 साल पहले केन्द्र सरकार ने जम्मू कश्मीर से 370 को हटाने का फैसला किया था और कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा छीन लिया था। इसके बाद से विपक्षी पार्टियां और कश्मीर की क्षेत्रीय पार्टियां केन्द्र सरकार के इस फैसले का लगातार विरोध करती रही हैं। केन्द्र सरकार के इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी गयी थी। सुप्रीम कोर्ट ने लंबी सुनवाई के बाद आखिरकार बहुप्रतीक्षित फैसला सुना दिया। पांच न्यायधीशों की संविधान पीठ ने अपने फैसले में यह स्पष्ट कर दिया है कि अनुच्छेद 370 अस्थायी प्रावधान था। जिसे राष्ट्रपति के आदेश पर खत्म किया गया है और इस आदेश को कोर्ट में चुनौती दी जा सकती इसलिए केन्द्र सरकार के फैसले को वैध माना जाए। सुप्रीम कोर्ट ने लद्दाख को केन्द्र शासित राज्य बनाये जाने के निर्णय की वैधता को भी बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने 30 सितंबर 2024 तक जम्मू कश्मीर विधानसभा का चुनाव कराने का भी आदेश दिशा है। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है। जिसका स्वागत किया जाना चाहिए किन्तु विपक्षी पार्टियां इस फैसले पर भी अपत्ति उठा रहीं हैं। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने इस पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला निराशाजनक है वे चाहते हैं कि हम निराश हो जाए और पीछे हट जाए लेकिन हम कमजोर नहीं है। यह हमारी हार नहीं है। जम्मू कश्मीर के ही पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला उमर अब्दुल्ला ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर ऐसी ही प्रतिक्रिया दी है जो कतई उचित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सभी को दलगत भावना से ऊपर उठकर स्वागत करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद जम्मू कश्मीर के नेताओं ने जैसे बयान दिये हैं उसे मद्दे नजर रखकर जम्मू कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी निगरानी की जा रही है ताकि सोशल मीडिया पर भड़काऊ बयान और अफवाह न फैलाई जाए। भड़काऊ पोस्ट करने वाले पांच लोगों के खिलाफ अपराध भी दर्ज किया गया है गौरतलब है कि जब सरकार ने 370 के खात्में की कवायद शुरू की थी तब जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने धमकी दी थी की यदि 370 हटायी गयी तो कश्मीर घाटी में खून की नदियां बह जाएंगी हालांकि उनकी यह धमकी गीदड़ भभकी साबित हुई जम्मू कश्मीर में कहीं भी 370 के खात्में के बाद कोई अप्रिय स्थिति नहीं बनी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी वहां किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी होने की आशंका नहीं है क्यूंकि सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। बहरहाल अब अनुच्छेद 370 इतिहास बन गया है। इसी के साथ अब जम्मू कश्मीर और लद्दाख के चहुंमुखी विकास का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। अब सही मायनों में जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन गया है। बेहतर होगा की सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर हाय तौबा मचाने वाले लोग इस फैसले को शिरोधार्य करें और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाए। यह फैसला देशहित में है और इसके बाद अब जम्मू कश्मीर को लेकर पड़ोसी देश पाकिस्तान जो जब तब बेसूरा कश्मीर राग अलापता रहा है। अब उसकी भी बोलती बंद हो जाएगी। 370 हटने के बाद से जम्मू कश्मीर में विकास कार्यों को जो गति मिली है और वहां देशी विदेशी पर्यटकों की संख्या में जो भारी वृद्धि दर्ज की गयी है उससे कश्मीर में खुशहाली आ रही है। पत्थरबाजी की घटनायें तो पूरी बंद हो चुकी है। आतंकवादी घटनाओं में भी बहुत कमी आयी है। अभी भी वहां कुछ आतंकवादी सक्रिय हैं जिनके खिलाफ भारतीय सेना और सुरक्षाबल अभियान चला रहे हैं। जैसे ही उनका खात्मा होगा और स्थिति सामान्य होगी जम्मू कश्मीर में चुनाव भी हो जाएंगे।

नशे की गिरफ्त में युवा वर्ग, आपराधिक मानसिकता में इजाफा

संजीव ठाकुर

देश में लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है। नशीले पदार्थ अपराधिक गतिविधियों के लिए शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है। यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती,और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है। दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है। पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है। दूसरी तरफ दिल्ली,बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं। वर्तमान में

शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है। साथ-साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है देश में न सिर्फ ड्रग्स का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है। तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों में सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए है और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नसे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलतः मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र और राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है। निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिए मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रैकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए और तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की जाने लगी और इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है, नए वर्ष के आगमन की सेलिब्रेशन तमाम नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट गए हैं। देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देशन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया है, देश के बड़े-बड़े रिसोर्ट, जंगल के पिकनिक स्पॉट, देश की मुख्य सड़कों के आसपास ढाबों के संचालकों पर भी नजर रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है ताकि अपराधों में कमी आ सके ,शराब से तो अपराध होते ही हैं पर सूखे नशे से अपराधिक ज्यादा उग्र हिंसक और मस्तिष्क शुन्य हो जाते ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, और इस तरह वे नशे में अपराधिक कृत्य करने से नहीं चूकते 7केंद्र तथा राज्य प्रशासन की चिंता इस बात के लिए तो है ही कि इससे अपराध की संख्या में काफी वृद्धि हुई है पर साथ में इसके तस्करों द्वारा की जा रही ड्रग्स की तस्करी पर एक गंभीर चुनौती बनी हुई है।

अंतरराष्ट्रीय सीमा से आने वाला ड्रग्स शारीरिक रूप से भी काफी नुकसानदेह होता है अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने का एक राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाकर उसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है, जितने व्यक्ति नशा करके अपराध करने के लिए दोषी हैं। उससे ज्यादा दोषी नशीले पदार्थों के तस्करी करने वाले भी है, तस्कर समूह को चिन्हित कर उस पर बड़ी कार्रवाई करने की देश को गंभीर आवश्यकता है, देश में शराब जहां ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ी बुराई है उससे ग्रामीण आमजन को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ शारीरिक नुकसान भी बहुत बड़ा होता है, इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में खासकर बड़े शहरों में सुखा नशा एक बडी सामाजिक बीमारी की तरह अत्यंत गंभीर चुनौती बन गई है, इसे रोकने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए तभी इस सामाजिक गंभीर समस्या पर कुछ राहत और निदान मिल सकता है।

आत्म चिंतन करें मायावती

रमेश सर्राफ

बसपा सुप्रीमो मायावतीने अपने भतीजे आकाश आनंद को विधिवत अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है ताकि पार्टी को एक युवा नेता मिल सके। अब आगे उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड कि राजनीति स्वयं मायावती देखेगी बाकी के प्रदेशों में संगठन का काम आकाश आनंद संभालेंगे। यदि मायावती को अपनी पार्टी का राजनीतिक अस्तित्व बचाना है तो उन्हें भाजपा नीत एनडीए या कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन में से किसी एक का साथ भी लेना होगा। बिना किसी गठबंधन में शामिल हुए बसपा का जनाधार बचना मुश्किल लग रहा है। केंद्र सरकार के विरोधी इंडिया गठबंधन में शामिल अधिकांश दलों के नेता भी चाहते हैं कि मायावती उनके गठबंधन में शामिल होकर भाजपा के खिलाफविपक्ष की एकता को मजबूत करें। अब इस बात का फैसला तो खुद मायावती को ही करना है कि वह किसी गठबंधन में शामिल होगी या फिर अपना एकला चलो का राग ही अलापति रहेगी।

हाल ही में संपन्न हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम विधानसभा के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का ग्राफ तेजी से गिरा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ जैसे हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विधानसभा चुनाव में बसपा का पूरी तरह सूपड़ा ही साफ हो गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बसपा को 4 प्रतिशत वोट व 6 सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार यहां बसपा 1.82 प्रतिशत वोटों के साथ मात्र दो सीटों पर ही सिमट गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में बसपा को मात्र 721037 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछली बार बसपा को दो सीट व 5.01 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि इस बार के चुनाव में वहां बसपा को 3.40 प्रतिशत यानी 14,77,202 वोट तो मिल गए मगर सीट एक भी नहीं मिली।

इसी तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पिछली बार बसपा को दो सीटों के साथ 552313 यानी 3.9 प्रतिशत वोट मिले थे। मगर इस चुनाव में वहां बसपा को सीट तो एक भी नहीं मिली उसके साथ ही वोटों में भी गिरावट दर्ज हुई है। वहां बसपा को 319903 यानी 2.05 प्रतिशत वोट ही मिले हैं। तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला। वहां पार्टी को 321074 यानी 1.37 प्रतिशत वोट मिले हैं।

मिजोरम में तो वैसे ही बसपा का कोई नाम लेवा नहीं है। 2022 में हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बसपा 53 सीटों पर चुनाव लड़ी मगर एक भी प्रत्याशी नहीं जीत पाया था। वहां पार्टी को 14613 यानी 0.35 प्रतिशत मत मिले थे। पिछले गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में वहां बसपा ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें 100 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के जमानत जप्त हो गई थी। वहां पार्टी को मात्र 158123 यानी 0.5 प्रतिशत मत मिले थे। उत्तराखंड में बसपा के दो व पंजाब में एक विधाक है। उत्तर प्रदेश की स्थिति देखें जहां से बसपा का जन्म हुआ था। वहां 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी। वहां बसपा को सिर्फ 12.88 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीट व 22.31 प्रतिशत वोट मिले थे। 2012 की विधानसभा चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 80 सीटों के साथ 25.91 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने 30.43 प्रतिशत वोटो के साथ 206 सीट जीतकर अपने दम पर सरकार बनाई थी। 2002 के चुनाव में बसपा को 98 सीट व 23.6 प्रतिशत वोट मिले थे। 1996 के चुनाव में 67 सीट व 19.64 प्रतिशत वोट मिले थे। 1993 के चुनाव में 67 सीट व 11.12 प्रतिशत वोट, 1991 के चुनाव में 12 सीट व 9.44 प्रतिशत वोट मिले थे। 1989 के चुनाव में पहली बार बसपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़कर 13 सीट तथा 9.41 प्रतिशत वोट पाए थे। उपरोक्त आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि बहुजन समाज पार्टी का जनाधार लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है। लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देख तो 2019 के चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 10 सीटें व 3.67 प्रतिशत वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि पार्टी को 4.19 प्रतिशत वोट मिले थे। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में 20 व मध्य प्रदेश में एक कुल 21 सीट व 6.56 प्रतिशत वोट पाए थे। 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 19 सीट जीतकर 5.33 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे।

1999 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 14 सीट जीती थी तथा 4.16 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 1998 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में चार व हरियाणा में एक कुल पांच सीट जीती थी तथा 4.67 प्रतिशत वोट पाए थे। 1996 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 6 पंजाब से तीन व मध्य प्रदेश से दो यानि कुल 11 सीट जीती थी तथा 4.02 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1991 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने मध्य प्रदेश में एक पंजाब में एक व उत्तर प्रदेश में एक कुल तीन सीट जीती थी वहीं 1.61 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1989 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था और पार्टी ने उत्तर प्रदेश में तीन व पंजाब में एक कुल चार सीटे जीत कर 2.07 प्रतिशत वोट पाये थे। पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी से समझौता होने के चलते 10 सीटों पर जीत जरूर हासिल कर ली थी। मगर उसके बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने समाजवादी पार्टी से अपना चुनावी गठबंधन समाप्त कर दिया था और एकला चलों की नीति पर ही 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव लड़ा था। जिसमें पार्टी का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा था। 2022 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां से बसपा एक ताकत बनकर उभरी थी और चार बार सरकार बना चुकी है। वहां मात्र एक सीट पर सिमट जाना पार्टी के नेताओं के लिए बड़े शर्म की बात है।

काशीराम के जमाने में बसपा का पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे कई प्रदेशों में बड़ा प्रभाव रहता था। लेकिन अब धीरे-धीरे बसपा सिमटने लगी है। बसपा से जीते हुए बहुत से सांसद, विधायक दल बदल कर दूसरे दलों में शामिल हो जाते हैं। जिससे बसपा दिनोदिन कमजोर होने लगी है।

राजस्थान विधानसभा के 2008 व 2018 के चुनाव में बसपा से 6-6 विधायक चुनाव जीते थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में विलय कर गहलोत सरकार में मंत्री व अन्य लाभकारी पदों पर बैठ गए थे। कभी बसपा में कैडर पार्टी का मुख्य आधार होता था। मगर आज पार्टी में कैडर नाम मात्र का भी नहीं बचा है। पार्टी के अधिकांश बड़े पदों पर पुराने नेताओं के स्थान पर दलबदलुओं का कब्जा हो गया है। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती का अकेले चलो की सोच ने पार्टी को रसातल में पहुंचा दिया है। मायावती ना तो केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा के साथ जाना चाहती है और ना ही इंडिया गठबंधन में शामिल होना चाहती है। ऐसे में एकला चलो की नीति बसपा के लिए आत्मघाती साबित हो रही है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1734 ब्रिटेन और रूस ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1754 उस्मान तृतीय ने (1754-1757) महमूद प्रथम को तुर्क साम्राज्य राजा बनाया। 1758 प्रिंस एडवर्ड द्वीप से फ्रांस के लिए एकेडियन ले जाते समय, ड्यूक विलियम ने उत्तरी अटलांटिक में 360 से अधिक लोगों की जान गंवाई, जो कनाडा के इतिहास की सबसे बड़ी समुद्री आपदाओं में से एक है। 1759 अमेरिका (फिलाडेल्फिया) में पहला संगीत स्टोर खुला। 1769 वर्तमान समय में हनोवर, न्यू हैम्पशायर, अमेरिका में डार्टमाउथ कॉलेज, एक रॉयल चार्टर द्वारा स्थापित किया गया था और अमेरिकी क्रांति से पहले तेरह कालोनियों में अंतिम विश्वविद्यालय बन गया था। 1774 अमेरिकी क्रांति की पहली घटना हुई। 1774 अमेरिकी क्रांति की पहली घटना - 400 हमले एफटी विलियम और मैरी पर न्यू हैम्पशायर में हुए। 1779 एलेक्जेंडर, विकोमेट डे बेउहर्नैस ने जोसेफिन टेसर से शादी की। 1795 वोल्ड न्यूटन उल्कामीः इंग्लैंड के यॉर्कशायर में एक गांव, वोल्ड न्यूटन पर एक उल्कापात हुआ।

QUIZ TIME

1) वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन का मुख्यालय कहाँ स्थित है?

2) कोंगथोंग जिसने सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव पुरस्कार 2023 जीता, किस राज्य में स्थित है?

3) किस देश के साथ न्यू मूर द्वीप के कारण भारत का विवाद है?

4) विश्व को कितने समय जोन में विभाजित किया गया है?

5) दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड हाल ही में किस अभिनेता को प्रदान किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जिनेवा, स्विट्जरलैंड (2) मेघालय (3) बांग्लादेश (4) 24 (5) वहीदा रहमान

सू-डोकू

शब्द सामर्थ्य -271

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 270 का हल

ज	द्दो	जे	ह	द		स	पू	त
ल		ब	ल	वा	न			द
म	ह	क		खा	म	खां		बी
ग्न		त	ल	ना		स	फ	र
	म	रा				ना	टा	
	हि		स				फ	न
	ला	ज	वा	ब		म	ट	र
मां		ग		सं	त	ति		भ
	मा	त	ह	त			प	क्षी

आज का पंचांग



सूर्योदय : 07:10, सूर्यास्त : 05:30, **अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय)**, ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : प्रतिपदा, नक्षत्र : ज्येष्ठा, योग : शूल, प्रथम करण : चतुष्पाद (17:47 तक), द्वितीय करण : नाग (29:01 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : वृश्चिक, मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:50 से 12:31, अमृत काल : 26:36 से 28:09, विजय मुहूर्त : 13:53 से 14:34, गोधूलि मुहूर्त : 17:15 से 17:43, सायाह्न सन्ध्या : 17:18 से 18:40, निशिता मुहूर्त : 23:43 से 24:38, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:37 से 10:54, दुर्मुहूर्त : 09:06 से 09:47, होमाहुति : केतु (11:57 से सूर्य), दिशाशूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : पूर्व (11:57 से), अग्निवास : पाताल, चन्द्रवास : उत्तर।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरूजी

मेषः आज दिन के आरंभ में सेहत संबंधित समस्या रहेगी काम करने में उत्साह नही रहेगा घर के सदस्यों से किसी कारण ताने सुनने पड़ेंगे।

वृषः आपको आज का दिन मिला-जुला फल देगा दिन के आरंभ में आलस्य एवं किसी बात को लेकर चिड़चिड़े रहेंगे।

मिथुनः आज के दिन आप किसी सरकारी उलझन में पड़ सकते है। दो पक्षो के झगड़े में आपका ना बेवजह आने से व्यर्थ की भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है।

कर्कः आज आप प्रातः काल से ही पूर्व नियोजित कार्य से लाभ की आशा लगा कर रखेंगे परन्तु इसके मध्यान तक पूर्ण ना होने से थोड़े अधीर रहेंगे।

सिंहः आज दिन के पूर्वार्ध में अशुभ समाचार मिलने से बेचैन रह सकते है।

कन्याः आज के दिन का आरंभिक भाग धन लाभ करेगा किसी अधूरे कार्य के पूर्ण होने से धनागम सुनिश्चित होगा ।

तुलाः आज दिन के पूर्वार्ध में आप कार्यो को लेकर आलस्य दिखाएंगे परन्तु इसके बाद का समय पूरी निष्ठा एवं तैयारी के साथ अधूरे कार्य पूर्ण करने में लग जाएंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आपकी सुख शांति में वृद्धि करेगा परन्तु किसी के उकसावे में आकर कुछ समय के लिए विवेक पर नियंत्रण खो सकते है।

धनुः आज के दिन आप अधिक परिश्रम के कारण शारीरिक शिथिलता अनुभव करेंगे लेकिन परिश्रम का सकारात्मक फल मिलने से उत्साहित भी रहेंगे।

मकरः आज दिन का पहला भाग शांति से बिताएंगे लेकिन इस अवधि में लाभ की आशा आलस्य-प्रमाद की भेंट चढ़ेगी।

कुंभः आज के दिन आपकी महात्त्वकांक्षाये बढ़ चढ़ कर रहेंगी दिखावे की प्रवृति रहने के कारण अन्य लोगो को अपने आगे तुच्छ मानेंगे।

मीनः आज के दिन मध्यान से पहले आपको कोई लाभदायक समाचार मिलेगा धन कोष में भी आकस्मिक वृद्धि होगी।

न्यूज गैलरी

विजय को डिप्टी सीएम बनाए जाने पर दी शुभकामनाएं

कवर्धा/नवप्रदेश। विजय शर्मा डिप्टी सीएम बनाये जाने के सूचना के बाद हजारों समर्थकों ने रायपुर प्रदेश कार्यालय पहुँचकर विजय शर्मा को बधाई दी।

दावा आपत्ति 19 तक

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की गई है। मिशन शक्ति के अंतर्गत जिले में महिला सशक्तिकरण केन्द्र संचालन के लिए 8 स्वीकृत संविदा पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग गरियाबंद ने बताया कि भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों के निरीक्षण उपरांत चयन समिति द्वारा पात्र अपात्र सूची तैयार कर ली गई है। सूची की जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग गरियाबंद के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

शहीद उप निरीक्षक श्याम किशोर को मरणोपरांत पुलिस वीरता पदक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अविभाजित जिला राजनांदगांव हाल-नवीन जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी के ग्राम परधोनी, थाना मानपुर में करीबन 7-8 नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर थाना मानपुर से उप निरीक्षक श्याम किशोर शर्मा थाना प्रभारी मदनवाड़ा, उप निरीक्षक प्रवीण द्विवेदी थाना प्रभारी कोहका के नेतृत्व में जिला पुलिस बल की करीबन 28 अधिकारी-कर्मचारी ग्राम परधोनी की ओर सर्चिंग हेतु रवाना हुये। पुलिस पार्टी सर्चिंग करते ग्राम परधोनी की ओर आगे बढ़ रही थी कि करीबन 9.30 बजे रात्रि में नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी को देखकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस पार्टी द्वारा कारगर जवाबी कार्यवाही की गई। फायरिंग करीबन 15-20 मिनट चली। फायरिंग पश्चात घटना स्थल का सर्च किया गया। घटना स्थल से 4 नक्सलियों का शव एवं 1 नग एके-47 रायफल, 1 नग एसएलआर रायफल एवं 2 नग 12 बोर बंदूक बरामद किया गया। शहीद उप निरीक्षक श्याम किशोर शर्मा, थाना प्रभारी मदनवाड़ा, अविभाजित जिला राजनांदगांव, हाल-नवीन जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी के द्वारा अपनी जान की परवाह न करते हुये अदम्य साहस व वीरता का परिचय देते हुये नक्सलियों से बहादुरी के साथ मुकाबला करते हुये शहीद हो गये। शहीद उप निरीक्षक श्याम किशोर शर्मा के मरणोपरान्त उन्हें राष्ट्रपति का पुलिस वीरता पदक से सम्मानित किया गया। भारत सरकार से वीरता पदक जिला राजनांदगांव को प्राप्त होने पर राहुल भगत, पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, राजनांदगांव के निर्देशन में मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव द्वारा अजीत ओगरे, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल अभियान राजनांदगांव को भारत सरकार से प्राप्त वीरता पदक शहीद उप निरीक्षक श्याम किशोर शर्मा के पिता बृजमोहन शर्मा को ससम्मान दिये जाने हेतु भेजा गया, जिसे 11 दिसंबर 2023 को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, सरगुजा रेंज सरगुजा में शहीद उप निरीक्षक श्याम किशोर शर्मा के पिता बृजमोहन शर्मा को ससम्मान आमंत्रित कर अंकित गर्ग, पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज, सरगुजा के हाथों प्रदाय कराया गया। उक्त कार्यक्रम में अजीत ओगरे, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल अभियान राजनांदगांव भी उपस्थित थे।

लक्ष्मी ने साय को सीएम बनाने पर दी बधाई

भटगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत भटगांव की वार्ड क्रमांक एक की पार्षद तथा प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा महिला मोर्चा श्रीमती लक्ष्मी अशोक साहू एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय को विधायक दल का नेता और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर शुभकामनाएं दी। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल को छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने पर शुभकामनाएं दिए।

नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। नाबालिग से दुष्कर्म का मामला निकल कर सामने आया है। घटना दिनांक 6 नवंबर की बताई गई है। नाबालिग अपने घर से अपने रिश्तेदार के चिल्फी से चोरभट्ठी जाने बस में बैठी थी। पीड़िता को अकेली देखकर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म कर दूसरे राज्य भाग गया था। घटना बोडला थाने की बताई जा रही है। आरोपी के विरुद्ध थाना बोडला में अपराध दर्ज किया गया।

केन्द्र की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर पीएस एल्मा ने यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 की पूरी प्रक्रिया संपन्न होने के बाद समय सीमा की बैठक ली गई। बैठक में सभी जिलाधिकारियों उपस्थित थे। बैठक के शुरुआत में कलेक्टर श्री एल्मा ने विधानसभा निर्वाचन 2023 सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी अधिकारियों-कर्मचारियों आभार व्यक्त किया गया। कलेक्टर पीएस एल्मा ने अधिकारियों को जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा छत्तीसगढ़ राज्य में निकाली जाएगी। जिसमें भारत सरकार द्वारा चालाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश जन-जन तक पहुंचाने हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बेमेतरा जिले में इस कार्यकम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें समस्त विभागों के विकास मूलक कार्यों का यात्रा के माध्यम से प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए ज़िला स्तरीय समिति का गठन भी किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अध्ययन कर लें। योजनाओं से पात्र हितग्राही को लाभान्वित किया जाये। उन्होंने कहा कि ज़िले में ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थानों चौक-चौराहों की तत्काल साफ सफाई एवं आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सीईओ ज़िला पंचायत एवं सभी सीईओ जनपद विशेष रुचि लेकर इस कार्य को सम्पन्न कराये। स्वच्छता का सभी जगह ध्यान रखा जाये।

तहसीलदार के आदेश की अवहेलना कर निर्माण जारी

बसना/नवप्रदेश। शासन परिवर्तन का असर शासकीय भूमि अतिक्रमणकर्ता पर नहीं तहसील कार्यालय बसना का स्थगन आदेश नहीं रोक पा रहा निर्माण कार्य को । मामला बसना तहसील कार्यालय है जहां शासकीय कोटवार सेवा भुमि पर निर्माण कार्य रोकने का आदेश तहसील कार्यालय बसना के द्वारा दिया गया था7 प. ह. न. 34 रा.नि.म.बसना स्थित शासकीय भुमि खसरा नम्बर 269 रकबा 1.619 हे. का बटांकन कर विक्रय किए गया 31 अक्टूबर 22 को न्यायालय तहसील बसना के द्वारा निर्माण कार्य में रोकने तथा अपना जवाब प्रस्तुत करे का आदेश दिया था किन्तु करोड़ों की राशि की भूमि होने के कारण न्यायालय तहसील के आदेश की अनदेखी करते हुए निर्माण कार्य निरंतर संचालित रहा। तहसील कार्यालय बसना के द्वारा लगातार निर्माण कार्य रोकने की पहल की गई किंतु निमार्ण कार्य लगातार किया जाना शासन के आदेश की अवहेलना है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मप्र में मोहन यादव आज ...
का नेता चुना गया है। शिवराज सिंह ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका सभी विधायकों ने समर्थन किया। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण से विधायक हैं। वे ओबीसी वर्ग से आते हैं। संघ के करीबी हैं। मोहन यादव ने मंगलवार को कहा, 'मैं भाजपा का एक सामान्य कार्यकर्ता हूं, मैंने इस जिम्मेदारी को सेवक की तरह लिया है। जनता की सेवा की दिशा में काम करूंगा। कल शपथ ग्रहण समारोह होगा।

भजनलाल शर्मा राजस्थान के ...
पद पर भी थे। इसके साथ ही दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा उप मुख्यमंत्री होंगे। वहीं, वासुदेव देवनानी विधानसभा स्पीकर होंगे। भाजपा ने तीनों बड़े पद जयपुर को ही दिए हैं। भजनलाल शर्मा जयपुर की सांगानेर सीट से विधायक हैं। वहीं, दीया कुमारी जयपुर की विद्याधर नगर सीट से जीती हैं तो प्रेमचंद बैरवा जयपुर जिले की दूदू सीट से विधायक हैं। बैठक से पहले राजनाथ सिंह ने भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। जानकारी के मुताबिक राजनाथ सिंह ने वसुंधरा राजे को बैठक से पहले ही नए मुख्यमंत्री का नाम प्रस्तावित करने के लिए मना लिया था।

सीएम मुझे मारने लोग भेज...
करेगी। जब मैं अपनी कार से उतरा तो वे सब अपनी जीप में बैठकर भाग गए। राज्य में संविधान खत्म हो रहा है। हम संविधान व्यवस्था का यूं ध्वस्त होने नहीं दे सकते हैं।'

कांग्रेस विधायक दल...
विधायक हैं लेकिन इनमें से 14 विधायक पहली बार विधानसभा पहुंचे हैं। बाकी 21 में आधे से ज्?यादा दूसरी बार विधायक बने हैं। इनमें एक भी अच्छा वक्ता नहीं है। बैठक में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, छत्तीसगढ़ के ओजर्वर अजय माकन भी इस बैठक में शामिल होंगे। बैठक राजीव भवन में दोपहर 2 बजे होगी। बता दें कि परिणाम आने के बाद कांग्रेस की यह पहली बैठक है। इसी बैठक में नेता प्रतिपक्ष का चयन होगा।

पीसीसी चीफ को भी...
नए पीसीसी चीफ के लिए सामान्य वर्ग से टीएस सिंहदेव और रविंद्र चौबे का नाम आगे है। हालांकि भूपेश बघेल और ताम्रध्वज साहू भी पार्टी से यू मुंह नहीं मोड़ सकते।

महाराष्ट्र मंडल ने किया रीना कंगाले का अभिनंदन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के सम्मान से नारी शक्ति भी सम्मानित : काले

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबसाहेब कंगाले को वरिष्ठ समाजसेवी डा. नलिनी राजिमवाले ने कार्यकारिणी सदस्यों के साथ सम्मानित किया। इस मौक पर मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने कहा कि रीना कंगाले का अभिनंदन नारी शक्ति का सम्मान है, छत्तीसगढ़ मतहारी का सम्मान है, मराठी समाज और मराठी समाज की महिलाओं का सम्मान है। मंडल में सोमवार देर शाम हुए भव्य अभिनंदन समारोह में रीना बाबासाहेब कंगाले भारतीय प्रशासनिक सेवा को शाल, श्रीफल व मराठी- हिंदी में मुद्रित प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस बीच तालियों की गडगड़ाहट के बीच महाराष्ट्र नाट्य मंडल के सचिव प्रसन्न निमोणकर ने प्रशस्ति पत्र का वाचन किया। छत्तीसगढ़ में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने की उपलब्धि के बाद सम्मानित होने पर रीना कंगाले ने कहा कि विधानसभा चुनाव सतही तौर पर जितने शांतिपूर्ण लग रहे हैं, दरअसल उतने थे नहीं।

ऋचा की मासिक गोष्ठी संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की दिसंबर माह की मासिक गोष्ठी होटल प्रकाश पैलेस पचपेड़ी नाका रायपुर में आयोजित की गई। माँ शारदा व स्व शांति यदु के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित किया ,सुरेंद्र रावल, अध्यक्षा लतिका भावे, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ,जे के डागर, सीमा श्रीवास्तव ने। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति लतिका भावे ने दी। मासिक प्रतिवेदन का पठन मीना शर्मा ने किया।

बेहतरीन पंक्तियों के साथ शकुनतला तरार का सधा हुआ संचालन और रचनाकारों की एक से बढ़कर एक कृतियाँ गीत,नवगीत, तुकांत व अतुकांत कविता व्यंग्य की सरिता बह निकली व डुबकी लगाने वाले रचनाकार थे-- ईरा पंत, मधु सक्सेना, आशामानव, साधना कसार, नीता श्रीवास्तव, सुरेंद्र रावल, मीना शर्मा,ब्रिगेडियर प्रदीप यदु,मंजु यदु, अंजु यदु,चंद्रकांता अग्रवाल, डॉ चितरंजन कर, माधुरी कर, स्नेहलता पाठक, जय श्री शर्मा, नीलिमा मिश्रा, डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, इजी अमरनाथ त्यागी, सुनिता विनय वर्मा, अमृता शुक्ला, जे के डागर, दिलीप वरवंडकर, कोमल राठौर ,सीमा श्रीवास्तव ।

मानव अधिकार पर वाद-विवाद स्पर्धा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राहुल देव भगत के दिशा-निर्देश में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन में 11 दिसंबर को रेंज स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर 12 बजे कार्यालय पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के मीटिंग हाल में किया गया। राजनांदगांव रेंज के 4 जिलों में से 6 कर्मचारी उपस्थित हुये। निर्णायक के रूप में हेमप्रकाश नायक उप पुलिस अधीक्षक (कतायात) राजनांदगांव, दिलीप सिसोदिया पु.अनु.अधि. (डोंगरगांवए गैदाटोलाए घुमका) राजनांदगांव, आकाश कुमार त्रिपाठी व्याख्याता, सर्वेश्वरदास एनपीएन स्कूल-राजनांदगांव, दीपक सिंग ठाकुर प्राचार्य-उच्चतम माध्यमिक शाला, टेड़ेसरा, डॉ. श्रीमती शोभा श्रीवास्तव उच्चतर माध्यमिक शाला, ग्राम बीजेभांठा उपस्थित थे।

फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा द्वारा स्थायी वारंटियो को पकड़ने हेतु ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा हैं, जिसके तहत 11 दिसंबर को जेएमएफसी न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 279/2009 धारा 457, 380, 411 भादवि में 14 वर्षो से फरार स्थायी वारंटी त्रिनाथ को मुखबिर के जरिए गिरफ्तार किया गया।

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 7495 दिनांक 12.12.2023
वार्ड 38 का नाम शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 38 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR516E00709 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RIKHAB JAIN S/O TRILOKCHAND JAIN, SAPNA JAIN W/O RIKHABCHAND JAIN पिता/पति श्री/श्रीमती के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती दिनेश कुमार केसरवानी पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पिता/पति श्री/श्रीमती स्व. चतुर्भुज केसरवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम. (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 20231208220000 03
अ/20 (4), वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदक अशोक कुमार साहू पिता फिरंताराम साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम ने नगर कवर्धा स्थित भूमि खसरा नंबर 283/29 रकबा 0.0100 हे. अशोक कुमार साहू पिता फिरंताराम के नाम पर अभिलेख में भूमि स्वामी के रूप में दर्ज है। जिसमें से आवेदक द्वारा क्षेत्रफल 72.84 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर आवासीय प्रयोजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया है।

अतः इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 15/12/2023 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 4/12/2023 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।
जारी दिनांक - 4/12/2023
सुनवाई दिनांक - 15/12/2023

सील
नजूल अधिकारी
कबीरधाम

न्यायालय :- प्रतीक टेम्भुरकर, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पिथौरा, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)
अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(द.प्र.सं.-1973 की धारा-82 के अनुसार एवं प्रारूप क्र.-4 के अनुरूप)

इस न्यायालय के समक्ष आरोपी टिकेश्वर सिंहा उम्र 37 वर्ष पिता देवसिंग सिंहा निवासी-ग्राम छिब्रर्रा थाना पिथौरा तहसील पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.) के विरूद्ध परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा-138 भा.द.वि. के तहत् दाण्डिक परिवाद प्रकरण क्रमांक-483/2021 लंबित है और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी वारण्ट वर्तमान में आरोपी कहा रह रहा है पता न चल पाना बताते हुए अदम तामिल वापस इस न्यायालय को प्राप्त हो रहा है, जिससे यह दर्शित होता है कि, वारण्ट की तामिली से बचने के लिए वह अपने आपको छिपा रहा है और समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त आरोपी टिकेश्वर सिंहा फरार हो गया है।

इसलिए इस न्यायालय द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि टिकेश्वर सिंहा उम्र 37 वर्ष पिता देवसिंग सिंहा निवासी-ग्राम छिब्रर्रा थाना पिथौरा तहसील पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.) के उक्त से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त दाण्डिक परिवाद प्रकरण का उत्तर देने के लिए व्यवहार न्यायालय पिथौरा में तारीख 17.01.2024 को हाजिर हो।
दिनांक-30.11.2023

(प्रतीक टेम्भुरकर)
सील
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
पिथौरा जिला महासमुन्द (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर कालोनी, रायपुर में निर्मित एच.आई.जी योजना के अंतर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक - एच.आई.जी 1/64 सेक्टर 01 में श्रीमती साबरा खान पति स्व. मोहम्मद हसीब खान को भाड़ाक्रय/ स्ववित्तीय आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है।

मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 08.04.2011 व उनके पति मोहम्मद हसीब खान की मृत्यु दिनांक 22.06.2006 एवं पुत्र मोहम्मद अकील खान की मृत्यु दिनांक 29.03.2022 को हो जाने के कारण उनकी बहु श्रीमती कहकशाँ खान पति स्व. मो.अकील खान द्वारा उक्त भवन अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र/सहमति पत्र 1. मो. शमीम खान 2. मो.कमरूज्जमा खान 3. श्रीमति नीलोफर खान व शेष के द्वारा दूरभाष पर सहमति हेतु निवेदन किया गया एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन श्रीमती कहकशों खान पति स्व. मो.अकील खान के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त दुकान के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1
कबीर नगर रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 7496 दिनांक 12.12.2023
वार्ड का नाम 37 तात्यापारा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 37 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR717D00500 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती Heeralal पिता/पति श्री/श्रीमती Gaurkh Nath Sharma के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती राजू शर्मा पिता/पति श्री/श्रीमती हीरालाल शर्मा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

सूचना जारी करे
श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 7284 दिनांक 12.12.2023
वार्ड का नाम 39 स्वामी आत्मानंद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 39 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR715E00069 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SURESH KUMAR SHADIJA पिता/पति श्री /श्रीमती DEVDAS SHADIJA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती कुसुम शादिजा पिता/पति श्री/श्रीमती सुरेश कुमार शादिजा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

सूचना जारी करे
श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 7494 दिनांक 12.12.2023
वार्ड का नाम 39 स्वामी आत्मानंद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 39 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR715C00173 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती BRIJMOHAN BAGREE S/O ROOPCHAND BAGREE, KASTOOR CHAND BAGREE S/O ROOP CHAND, MADAN MOHAN BAGREE S/O ROOP CHAND पिता/पति श्री/श्रीमती के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती सुशीला देवी पति स्व. कस्तुर चंद बागड़ी, मदन मोहन बागड़ी, बृजमोहन बागड़ी पिता/पति श्री/श्रीमती रूपचंद बागड़ी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्रमांक-09 रायपुर
मोवा थाना के पीछे स्थित सामुदायिक भवन

क्र./287/न.पा.नि./जोन क्र. 09/2023 — रायपुर, दिनांक 12/12/2023

।। द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायपुर के जोन क्रमांक 9 में निम्न कार्य हेतु सीलबंद निविदा नियमानुसार तीन लिफाफा पद्धति से दिनांक 27.12.2023 तक निविदाएं रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 09 में संध्या 5.30 तक आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 21.12.2023 को संध्या 5.00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर प्राप्त कर लिए जा सकेंगे। प्राप्त निविदाएं निविदा प्राप्ति के अगले कार्य दिवस को अपरान्ह 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित व्यय (लाख रुपए में)	अमानती राशि (रुपए में)	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदा प्रपत्र प्रारूप	समयावधि	ठेकेदार श्रेणी
1	जोन क्रमांक-09 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-07,08,09 एवं हाऊसिंग बोर्ड में स्थित पावर पंर को निकालने, डालने, मरम्मत इत्यादि सुधार कार्य (संधारण)	3.85	4000.00	750.00	A	3 माह	ई.रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग के एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
2	जोन क्रमांक-09 अंतर्गत वार्ड क्रमांक- 31,32,33, एवं 51 में स्थित पावर पंप को निकालने, डालने, मरम्मत इत्यादि सुधार कार्य (संधारण)	3.85	4000.00	750.00	A	3 माह	ई.रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग के एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
3	महर्षि वाल्मिकी वार्ड क्रमांक 32 अंतर्गत राजीव गांधी नगर में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य (सामान्य)	19.68	20000.00	750.00	A	4 माह	ई.रजिस्ट्रएशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ. आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
4	महर्षि वाल्मिकी वार्ड क्रमांक 32 अंतर्गत महामाया विहार में सी.सी. नाली निर्माण कार्य (सामान्य)	10.85	11000.00	750.00	A	3 माह	ई.रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ. आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
5	कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक 7 अंतर्गत सड्डू शासकीय माध्यमिक शाला में ओपन जिम लगाने का कार्य (DMF खनिज निधि)	4.50	5000.00	750.00	A	4 माह	ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (आईटम रेट)
6	पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 51 अंतर्गत सूरज नगर बी.एस.यू.पी. में पंप हाऊस का मरम्मत कार्य (सामान्य)	1.50	2000.00	300.00	A	1 माह	ई.रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ. आर दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
7	कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक 7 अंतर्गत दलदलसिवनी, एकता चौक से छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के बीच आने वाले मार्ग में 100 एम.एम. डी.आई. पाईप लाईन का इंटर कनेक्शन कार्य (सामान्य)	3.66	4000.00	750.00	A	3 माह	ई.रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग के एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
8	डबरी पारा, सतनामी पारा में पार्षद निवास के आसपास सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य (संधारण)	20.00	20000.00	750.00	A	6 माह	ई.रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ. आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
9	जोन क्रमांक-9 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में स्थापित पावर पंप एवं हैण्डपंप संधारण हेतु सामग्री क्रय करने का कार्य (संधारण)	3.18	4000.00	750.00	B	1 माह	ई.रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (इस प्रकार के अनुभवी फर्म एवं संस्था)

तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, रायपुर के जोन क्रमांक-9 में निम्न कार्य हेतु सीलबंद निविदा नियमानुसार तीन लिफाफा पद्धति से दिनांक 27.12.2023 तक निविदाएं रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 09 में संध्या 5.30 तक आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 19.12.2023 को संध्या 5.00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर, प्राप्त कर लिए जा सकेंगे। प्राप्त निविदाएं निविदा प्राप्ति के अगले कार्यदिवस को अपरान्ह 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित व्यय (लाख रुपए में)	अमानती राशि (रुपए में)	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदा प्रपत्र प्रारूप	समयावधि	ठेकेदार श्रेणी
1	शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड क्रमांक 33 अंतर्गत तेलीबांधा बाजार में सी.सी. नाली, सी.सी. रोड एवं चबूतरा निर्माण कार्य (सामान्य)	17.88	18000.00	750.00	A	4 माह	ई. रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ. आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
2	नेताजी सुभाषचन्द्र बोस वार्ड क्रमांक-31 अंतर्गत भावना नगर राठौर कालोनी के बाजू नाली निर्माण कार्य। (सामान्य)	5.00	5000.00	750.00	A	2 माह	ई. रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ. आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
3	नेताजी सुभाषचन्द्र बोस वार्ड क्रमांक 31 अंतर्गत कचना रोड खम्हारडीह सुनील हार्डवेयर गली में रोड एवं नाली मरम्मत कार्य (सामान्य)	5.27	6000.00	750.00	A	3 माह	ई. रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ. आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)

नोट :-
1. कार्य से संबंधित जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक-09 से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा संबंधी जानकारी नगर निगम पोर्टल से भी प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा में उल्लेखित उपरोक्त दिनांक में शासकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यालयीन दिवस में कार्यवाही किया जावेगा।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीले कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 09
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड स्टील इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

प्लांट हादसे में घायल मजूदर की मौत

भिलाई/नवप्रदेश। स्टील प्लांट में एक बार फिर हादसा हो गया है। हादसे में एक ठेका श्रमिक की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक हादसा बीएसपी के सिंटरिंग प्लांट नंबर.3 में हुआ है। हादसे के बाद मजूदर को तत्काल सेक्टर.9 के आईसीयू में एडमिट किया गया थाए जहां देर रात करीब 12 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसा 11 दिसंबर को दोपहर 3 बजे के आसपास बताई जा रही है। हादसे के समय ठेका श्रमिक तीसरे फ्लोर से नीचे गिरा था। मजदूर नीचे गिरने के बाद बेहोश हो गया था। गिरने की वजह से मजदूर की हड्डी टूट गई थी और उसे मल्टीपल फ्रैक्चर आए थे। हादसे की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।

गले में चाकू रखकर लूट, तीन गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। गले में चाकू रखकर लूट मामले में उठाई पुलिस ने तीन बदमाश को पकड़ा है आरोपियों के कब्जे से बाइक सहित लूट की रकम और मोबाइल जब्त किया गया है। थाना प्रभारी उतई निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय ने बताया की 11 दिसम्बर को प्रार्थी सुनील मरकाम पिता रूप सिंह मरकाम उम्र 23 साल निवासी माखनपुर थाना पाली जिला कोरबा ने थाना में लिखित आवेदन पत्र पेश किया कि तीन लडकों द्वारा गले में चाकू रखकर 2700 रू एवं हाथ घड़ी लूट लिए एवं उत्तम कुमार आरमोर से घड़ी को लूट कर ले जाना बताया हैण् उक्त तीनों लड़के के विरूद्ध धारा 392 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

आरोपियों से मोबाइल एवं चैन बरामद

दुर्ग/नवप्रदेश। थाना सिटी कोवताली दुर्ग ने लूट के 4 आरोपियों से मोबाइल एवं चांदी का चैन बरामद किया है। सभी आरोपियों को नायालय दुर्ग ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेज दिया गया है। थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया की जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेन्द्र निषाद पिता छविलाल निषाद उम्र 19 साल निवासी अंजोरा दुर्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 दिसम्बर को अप्सरा टाकीज से गुईयां फिल्म देखकर करीबन 11.30 बजे प्राथी के मित्र चुरावन, इंद्रकुमार के साथ पैदल घर जा रहा था। इसी दौरान आरोपीगण यमन गोड, गोल्डी एवं दो अन्य साथियों द्वारा रास्ता रोककर घेरकर मां.बहन की अश्लील गाली.गलौच देते हुये जान से मारने की धमकी देकर तीनों से मारपीट कर देवेन्द्र निषाद के पास रखे रियलमी के मोबाईल एवं इंद्रकुमार के चांदी के चैन लूटकर भाग गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली दुर्ग में धारा 341, 294, 506, 323, 392 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

चिकन मटन दुकानों पर कार्यवाही

भिलाईनगर/नवप्रदेश। निगम द्वारा खुले में अवैध रूप से विक्रय कर रहे चिकन मटन के दुकान पर लगातार दुसरे दिन भी निगम दस्ते ने कार्यवाही कर जुनवानी चौक, 18 नं. सड़क, सुभाष चौक के दुकान के सामने लगे टीन टप्पर को हटवाया गया। निगम की बेदखली टीम मंगलवार को जुनवानी चौक मे बिना लाईसेंस के संचालित हो रहे नूर पोल्ट्री को सील बंद किया गया तथा चौक मे अन्य मांस, मटन, मछली जो खुले मे विक्रय किये जा रहे थे उसे हटाया गया। उसी प्रकार 18 नं. सड़क, सुभाष चौक पर विक्रय कर रहे चिकन मटन दुकानो को बंद करवाकर दुकान के सामने लगे टीन शेड को जेसीबी से हटाया गया। तोड़फोड़ दस्ता की टीम पूर्व में किये गये बेदखली स्थलो का निरीक्षण कर दुबारा सड़क पर व्यापार न करने की मुनादी भी किये।

1.5 करोड़ की लागत से बनेगा क्लब

भिलाई/नवप्रदेश। बीएमएस के महामंत्री चन्ना केशवलू व कार्यकारी अध्यक्ष रविशंकर सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा बीएसपी प्रबंधन से लगातार मांग की जा रही थी कि बीएसपी कर्मचारियों के लिए टाउनशिप में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों हेतु जो इस्पात क्लब है वे काफी जीण क्षीर्ण अवस्था में है उसका जीर्णोद्धार किया जाये। बीएसपी प्रबंधन ने बीएमएस की मांग को गंभीरता से लेते हुए प्रारंभिक चरण में 1ण्5 करोड की लागत से टाउनशिप सेक्टर 4 व सेक्टर 7 के क्लब को मॉडल क्लब के रूप में विकसित करने की बात कही है और कहा कि इस क्लबों का काम करने वाली ऐजेंसी समय व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। इसका विधिवत शुभारंभ इस्पात क्लब सेक्टर 7 में पूजा अर्चना के पश्चात टाउनशिप के सीजीएम, महाप्रबंधक, एजीएमए ऑफिसर एसोसिएशन महासचिव की मौजूदगी में कार्य प्रारंभ हो गया।

भाजपा पार्षदों ने ननि पहुंचकर महापौर से मांगा इस्तीफा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा के जबर्दस्त हार के बाद निगम के भाजपा पार्षदों ने शहर की कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और आज बीजेपी कार्यालय में हुई भाजपा पार्षद दल की बैठक के तुरंत बाद सभी पार्षद एकजुट होकर हाथो में तख्ती लेकर निगम कार्यालय पहुंचे जहां महापौर धीरज बाकलीवाल पर जोरदार हमला बोलते हुए उनसे नैतिकता के आधार इस्तीफे की मांग करते हुए उनके चेंबर के सामने इस्तीफा का तख्ती लटकाकर विरोध दर्ज कराया। इससे पूर्व भाजपा कार्यालय में नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष देवनारायण चंद्राकर, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन सहित सभी पार्षदगणों कि उपस्थिती में संयुक्त बैठक हुई। जिसमें निगम में वर्तमान स्थिति को लेकर चर्चा हुई जिसमे कहां गया कि विगत 4 वर्ष के महापौर धीरज बाकलीवाल के कांग्रेस शासनकाल के कुशासन व भ्रष्ट नीति के चलते विधान सभा चुनाव में शहर के 58 वार्डो के साथ स्वयं के वार्ड में भी बुरी तरह पराजय होना जनता के आक्रोश का नतीजा है और यह जनादेश केवल कांग्रेस प्रत्याशी वोरा के खिलाफ ही नही बल्कि महापौर बाकलीवाल व उनके पूरे परिषद के खिलाफ भी इसलिए उन्हें नैतिकता के नाते अपनी कुर्सी छोड़ देना चाहिए। इस दौरान शेखर चंद्राकर, काशीराम कोसरे, नरेंद्र बंजारे, शिवेंद्र परिहार, गायत्री साहू, नरेश तेजवानी, अरुण सिंह, ओमप्रकाश सेन, मनीष साहू, अजीत वैद्य, लीना देवांगन, कमल देवांगन, खिलावन मटियारा, चमेली साहू, मीना सिंह, कविता तांडी, शशि द्वारका साहू, हेमा शर्मा, कुमारी साहू, पुष्पा गुलाब वर्मा, जिला मंत्री दीपक चोपड़ा, योगेंद्र साहू, राकेश भारती, दीपक सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

नेहरू नगर की हालत सुधारने रिकेश ने दिया अल्टीमेटम

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। नेहरू नगर गुरुद्वारा की खस्ताहाल सड़क को देखने के बाद वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन निगम अधिकारियों पर जमकर नाराज हुए और शाम तक नेहरूनगर गुरुद्वारा चौक एवं मार्ग पर बने सभी गड्ढे पाट कर डामरीकृत सड़क बनाने के लिए समय निगम के नेहरू नगर ज़ोन क्रमांक 1 के अधिकारियों को उनके द्वारा दिया गया है। इस समय सीमा के भीतर यदि जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा यह कार्य पूर्ण नहीं किए जाने की स्थिति में शहर से बाहर ट्रांसफर के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है।घ् उन्होंने कहा कि सरकार बदल गई है अब अधिकारियों को नजरिया बदलना पड़ेगा, वरना परिणाम भुगतने के लिए वे तैयार रहें। किसी भी जनहित के कार्यों में विलंब को उनके द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खस्ताहाल सड़क से गुजरने के कारण सदैव दुर्घटना होने की संभावना भी बनी रहती है। परंतु जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस ओर ध्यान न देते हुए केवल मीडिया में बने रहने के लिए अस्थाई तौर पर कभी मुरूम डालकर तो कभी मिट्टी डालकर पब्लिसिटी करते रहे हैं । जिसके कारण यह समस्या बनी हुई है और आम नागरिकों को लंबे समय से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है परंतु अब अधिकारियों को समझना होगा कि सत्ता परिवर्तन हो चुका है और जनहित के कार्यों में हो रहा है विलंब को उनके द्वारा कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

शराब के अवैध कारोबार पर भी नकेल कसे अधिकारी : ललित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। ग्रामीण विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक ललित चंद्राकर ने क्षेत्र में अवैध कब्जा कर कॉलोनी बनाने वाले व अवैध रूप से शराब का कारोबार करने वालों पर सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। विधायक चंद्राकर ने इस संबंध में आबकारी और रेवेन्यू अधिकारियों से फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में अवैध कब्जेदार, अवैध कॉलोनाइजर, भू माफिया व अवैध रूप से शराब का कारोबार करने वाने कोचियों पर कड़ी कार्रवाई करने कहा है। श्री चंद्राकर ने कहा है ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में अवैध कारोबार और कब्जे को लेकर स्वतंत्र रूप से अधिकारी कार्रवाई करें। जमीन दलालों का जो प्रभाव था वो तत्काल खत्म हो। उन्होने कहा कि जो जमीन दलाल बिना कालोनाइजर लायसेंस लिए जमीन खरीदी बिक्री में रहे हैं वे अब एक इंच जमीन की भी दलाली नहीं कर सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रेवेन्यू का नुक़सान कर जो कारोबार पूर्व शासनकाल में दबाववश होते रहे हैं उन सब पर तत्काल रोक लगाया जाए। श्री चंद्राकर ने एसडीएम, तहसीलदार और रिसाली क्षेत्र के सभी पटवारियों से चर्चा की और कहा कि क्षेत्र में कहीं भी अवैध प्लाटिंग नहीं होनी चाहिए। जमीन की खरीदी बिक्री वैध कॉलोनाइजर के माध्यम से ही होनी चाहिए। उन्होने आबकारी अफसरों से कहा है कि शहर के सभी लाइसेंसी बार नियमों के अनुसार ही संचालित होने चाहिए। कोई भी यदि नियमों का उल्लंघन करता है तो ऐसे बार संचालकों को पहले नोटिस दिया जाए और उसके बाद भी सुधार न हो तो ऐसे बार पर ताला लगाया जाए। उन्होंने रिसाली क्षेत्र में निगम व आबकारी अफसरों को आपसी तालमेल के साथ काम करने का निर्देश दिया। ऐसी शराब की दुकानें जो रिहायशी क्षेत्र में हैं और जहां से महिलाओं का आना जाना रहता हो ऐसी दुकानों को स्थानांतरित किया जाए। अधिकारी आपसी तालमेल से स्थान का चयन करें।

निकायों के गौठानों में रखे 3650 मवेशी

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले के नगरीय निकायों के सड़कों पर आवारा घुमन्तु मवेशियों की धर.पकड़ निकायों द्वारा की जा रही है। मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नगरीय निकायों की गौठानों में मवेशियों को रखने के लिए समुचित प्रबंध की गई है। अब तक जिले के नगरीय निकायों के गौठानों में 3650 मवेशी रखे गये हैं।

कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आज अधिकारियों की समय सीमा बैठक में नगरीय निकायवार गौठानों में रखे गये मवेशियों की जानकारी ली। नगरीय निकायों के अधिकारियों ने बताया कि नगर पंचायत उतई में 229, धमधा में 165, पाटन में 285, नपा अहिवारा में 321, कुम्हारी में 342, जामुल में 48, अमलेश्वर में 327 तथा निगम भिलाई में 738, चरोदा में 235, रिसाली में 254 एवं निगम दुर्ग में 685 मवेशी गौठानों में रखे गये हैं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आगामी 17 दिसम्बर तक इस संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने समीक्षा के दौरान पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों को बीएसपी सहित सभी इण्डस्ट्रियल एरिया में प्रदूषण जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा। इसी प्रकार सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी को संबंधित क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था का निरीक्षण करने निर्देशित किया है।

डाककर्मी गए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

दुर्ग/नवप्रदेश। डाक कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से डाक सेवा पूरी तरह प्रभावित है। नियमितीकरण और समयावधि कम करने की मांग को लेकर आज से संभाग भर के डाक कर्मचारी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। अपने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर दुर्ग मुख्य डाकघर के सामने आज से ग्रामीण डाक सेवक धरने पर बैठ गए हैं। इनकी मांगें हैं कि इन्हें भी शासकीय कर्मचारियों की तरह सुविधाएं दी जाएं। इस बारे में सहायक परिमंडल सचिव दीनानाथ चंद्राकर का कहना है कि विभाग हमसे 8 घंटे की बजाय 10 घंटे काम लेता है जिसे कम किया जाए और साथ ही हमें अन्य शासकीय सुविधाओं का लाभ मिले।

यहां के जो संस्कार है उसे परिवर्तन करना है : संतोष दीदी

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आनंद सरोवर बघेरा में ब्रह्माकुमारीज़ की संयुक्त मुख्य प्रशासिका एवं महाराष्ट्र ज़ोन की संचालिका, समाज सेवा प्रभाग की अध्यक्ष संतोष दीदी, हेमलता दीदी क्षेत्रिय निर्देशिका.इन्दौर ज़ोन उषा दीदी संचालिका उज्जैन क्षेत्र भावना बहन. मुम्बई का आगमन हुआ। ब्रह्माकुमारी दुर्ग की संचालिका रीटा बहन ने स्वागत उद्बोधन में सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी की दुर्ग की बगिया को महकाने व सभी आत्माओं की आत्मिक उत्थान के लिए आप सभी यहाँ पधारे हुए है सभी का परमात्म पिता व सभी भाई बहनों की ओर से दिल से स्वागत है। संतोष दीदी ने अपने दिव्य उद्बोधन में बताया कि जैसे एक देश से दूसरे देश जाना होता है यहां का पैसा वहां नहीं चलता करेंसी चेंज करनी होती है वैसे ही जो आने वाली नयी सृष्टि जो है वो सम्पूर्ण सुख. शान्तिमय है तो हम सभी मनुष्य आत्माओं को वही संस्कार धारण करना है जो उस दुनिया में आवश्यक है। यहाँ के जो संस्कार है उसे परिवर्तन करना है । हमें ऐसा कौन सा कर्म करना है जो नई दुनिया के लिए आवश्यक है निराकार परमपिता परमात्मा शिव अपने साकार माध्यम मनुष्य तन प्रजापिता ब्रह्मा के द्वारा हम सभी मनुष्य आत्माओं को यह शिक्षा दे रहे कि अपने मूल आत्मिक स्वरूप में स्थित हो जाओ तो जो मुझ परमात्मा के जो गुण है वही सभी गुण आपमें जागृत हो जायेगी।

निगम क्षेत्र में चला सफाई अभियान

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगम द्वारा सम्पूर्ण क्षेत्र का वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सर्विस रोड, गली मोहल्ला, मार्केट क्षेत्र का झाड़ू लगाकर तथा नालियों की गहराई से साफसफाई किया जा रहा है साथ ही कचरे को भी उठाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान निगम के सभी जोन में चलाया जा रहा है। सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में सड़को की सफाई व्यावसायिक क्षेत्र नाली के किनारे उगे खरपतवार की कटाई कर नाली की गहराई से सफाई किया जा रहा है। टीम वार्ड 30 प्रगति नगर, वार्ड 37 जेपी नगर मोची मोहल्ला, वार्ड 33,34,35 वीर शिवाजी नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नाली की सफाई कर हैण्ड ट्राली, ई.रिक्शा द्वारा नाली से कचरे उठाया जा रहा है।

शपथ ग्रहण को लेकर जिला भाजपा की विशेष तैयारी

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में होने जा रहे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह की जिले में व्यापक तैयारियां जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में की गई। जिलाध्यक्ष वर्मा ने दुर्ग शहर, ग्रामीण, अहिवारा और पाटन विधानसभा के प्रमुख पदाधिकारियो एवं वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करके दुर्ग संगठन जिले से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को शपथ ग्रहण में शामिल होने का आव्हान किया। इसके लिए जिला अंतर्गत समस्त मंडल अध्यक्षों एवं मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। शपथ ग्रहण समारोह में दुर्ग संगठन जिला की उपस्थिति ऐतिहासिक रहे, इसके लिए सभी जिला पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। श्री वर्मा ने बताया प्रदेश में भाजपा शासन आने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। 5 साल बाद भाजपा ने सत्ता में वापसी की है। नई सरकार के आने के बाद से भाजपा के जमीनी स्तर के कार्यकर्ता समारोह में जाने आतुर हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं में गर्व की अनुभूति है। विष्णुदेव साय सबसे पहले बतौर मुख्यमंत्री शपथ लेंगे। इसके फौरन बाद नए मंत्रिमंडल में शामिल विधायक मंत्री पद की शपथ लेंगे। दोपहर बाद नई सरकार पूरी तरह से अस्तित्व में आ जाएगी। 13 दिसंबर का दिन स्वच्छ प्रशासन और सुशासन के श्रीगणेश का दिन है। इस दौरान जिला महामंत्री व विधायक ललित चंद्राकर, सुरेंद्र कौशिक,उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये, दिलीप साहू, जिला मंत्री आशीष निमजे, अजय तिवारी, निलेश अग्रवाल, मदन वाढ़ई, सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, आईटी सेल प्रभारी जितेन्द्र सिंह राजपूत, मनोज सोनी, गणेश निर्मलकर, अनूप सोनी, जिला उपाध्यक्ष नवीन सिंह पवार, अजय सिंह ठाकुर, राहुल पंडित, राजा महोबिया शामिल रहे।

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

प्र.क्र.02/अ 20(3)/202312103500001/ वर्ष 2023-24

आवेदक श्री हरबंश सिंह भाटिया पिता स्व. श्री संतोष सिंह भाटिया उम्र 56 वर्ष निवासी भिलाई-03 तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम भिलाई 03 तह. पाटन जिला दुर्ग में खसरा नं. 393/22 रकबा 678 वर्गफीट भूमि हरजीत सिंह भाटिया एवं अन्य-02 के नाम पर भूमिस्वामीहक में दर्ज है। उक्त भूमि को भूमिस्वामीगण द्वारा आवेदकगण हरबंश सिंह एवं हरप्रीत सिंह के नाम पर पंजीकृत हकत्याग किया गया है जिसके आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि से हकत्यागकर्ताओं का नाम विलोपित कर आवेदकगण का नाम दर्ज किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो वह अपना आपत्ति/दावा प्रकरण में 15 दिवस के भीतर न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग के समक्ष स्वतः अथवाा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.12.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं युवराज यादव पिता रमेश यादव उम्र 33 वर्ष जाति यादव निवासी ग्राम खाड़ा थाना अण्डा तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरी पुत्री पायल यादव के भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड नं. 2334 0582 7901 में मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश रश्मी यादव (RASHMI YADAV) दर्ज है। जो कि गलत एवं असत्य है। मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र एवं कक्षा 1 ली से कक्षा 12 वीं के अंकसूची में नाम पायल यादव (PAYAL YADAV) दर्ज है। जो कि मेरे पुत्री की सत्य वास्तविक एवं पूर्ण नाम है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश दर्ज नाम रश्मी यादव (RASHMI YADAV) को विलोपित कर मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र एवं कक्षा 1 ली से 12 वीं के अंकसूची में दर्ज मेरी पुत्री के सत्य वास्तविक एवं पूर्ण नाम पायल यादव (PAYAL YADAV) दर्ज कराना चाहता हूं तथा मेरे पुत्री को भविष्य में पायल यादव (PAYAL YADAV) नाम से जानी व पहचानी व पुकारी जावेगी। रश्मी यादव (RASHMI YADAV) एवं पायल यादव (PAYAL YADAV) दोनो नाम एक ही अर्थात मेरी पुत्री के नाम है। अतः अंकसूची में स्पष्ट उल्लेखित नाम पायल यादव (PAYAL YADAV) को शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने एवं इस आधार पर मेरे पुत्री के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों व अभिलेखों में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
युवराज यादव
ना.बा. पायल यादव की ओर से वली पिता रमेश यादव
पता. ग्राम खांडा थाना अण्डा तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//ब-121/वर्ष 2023-24
ग्राम-नंदेली, प.ह.न. 18

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त विषयांतर्गत आवेदक श्री मंगेलाल आ. तुलसी निवासी ग्राम नंदेली तह. धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अपनी माता श्रीमती रामकुंवर पति तुलसी की मृत्यु दिनांक 22.12.2020 को स्थान नंदेली नंदेली तह. धमधा में हुआ है। मृत्यु का पंजीयन किसी भी स्थान या जिले में पंजीयन नही होने से संबंधित विभाग में मृत्यु का पंजीयन करने स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छ.ग. राज्य) नियम 1973 के नियम 10(3) के अंतर्गत निर्देश/आदेश देने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, मृतक का आधार कार्ड की छायाप्रति आवेदन में संलग्न कर इस न्यायालय में पेश किया गया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति/दावा या उजर हो तो स्वयं अथवा अपने विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय से में पेशी दिनांक 22.12.2023 को लिखित में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईशतहार आज दिनांक 12.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार धमधा (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग

-: सीमांकन सूचनाः-

दिनांक 13.12.2023

आमजनता को सूचित किया जाता है कि माननीय तहसीलदार महोद्य दुर्ग के न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदक/आवेदिका श्री/ श्रीमतीी नरशरण सिंह गरचा पिता/पति श्री प्रीतम सिंह गरचा निवासी रायपुर द्वारा आवेदित स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम/मौजा कुरुद प.ह.नं. 40 रा.नि.मं कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थिति भूमि खसरा नं. 1184/14, 1184/16, 1184/17 रकबा 0.03, 0.02, 0.01 हे. भूमि का सीमांकन दिनांक 27.12.2023 पूर्वान्ह/अपरान्ह 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन किया जाना है।

अतः जिस किसी भी हितबद्ध पक्षकारों/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो समस्त दस्तावेजो के साथ सीमांकन पूर्व मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा विधिवत् सीमांकन कर दी जाएगी।

मुहर — राजस्व निरीक्षक कोहका

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202312103300002/अ-21/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजू लाल गोंड आ. पुनऊराम गोंड निवासी ग्राम बघेरा तह. व जिला राजनांदगांव के द्वारा मौजा पिसेगांव प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. अंजोरा (ख) तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 125/1, 125/3, 125/4 रकबा 0.4000, 0.4000, 0.6000 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त आदिवासी भूमि को विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पेश किया है जो जांच हेतु कार्यालय कलेक्टर दुर्ग के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा -आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 22.12.2023 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दाावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार 03 दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -4 (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-6(अ)/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक एस स्वामीनाथन पिता स्व. एम सुब्रमण्यम निवासी मोतीलाल नेहरु भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम महमरा प.ह.न 23 स्थित भूमि खसरा नं. 276, 279/1, 279/2 रकबा 3.410, 3.70, 0.40 हे. जो कि आवेदक के नाम पर दर्ज है किन्तु वर्तमान ऑनलाइन में उनका नाम त्रुटिपूर्ण होने से मूल बैनामा में पंजीकृत सुधार पत्र पंजीयक कार्यालय दुर्ग में कराकर पंजीकृत सुधार पत्र के आधार पर नाम सुधार करते हुए रिकार्ड अद्यतन किए जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 15.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/आक्षेप पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202312101500003/अ-74/वर्ष 2023-24

पक्षकार आवेदक गुहरी पिता कार्तिक निवासी ग्राम तुलसी तह. पाटन जिला दुर्ग

एतद् द्वारा सर्वसाधारण द्वारा ग्राम तुलसी प.ह.न. 15 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक गुहरी आ. कार्तिक निवासी ग्राम तुलसी तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम तुलसी प.ह.न. 16 रा.नि.मं. जामगांव एम तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 380 रकबा 0.96 में दर्ज उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने से जिसके कारण आवेदक को काफी कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है। उक्त भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पेश किया गया है के आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनीी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 29.12.2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 11.12.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202312100400072/अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका विनोद कुमार यादव आ./पिता भुवाली प्रसाद यादव निवासी कचहरी वार्ड दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.न. 28 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 595/31 रकबा 0.0200 हें/ 2220 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202312100800008/अ-27/वर्ष 2023-24
ग्राम-खैरझिटी, प.ह.न. 07

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेखा गौतम पिता स्व. तोपसिंह चन्तारे उम्र 52 वर्ष निवासी 26/636 रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) अन्य 01 द्वारा खाता बटवारा कराने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है कि ग्राम खैरझिटी प.ह.न. 07 तह. धमधा जिला दुर्ग स्थित खसरा नं. 510, 886, 910, 922, 923, 925, 937, 940/1, 942/1, 1063/1, 1203/1 रकबा 0.45, 2.54, 1.51, 2.33, 0.02, 0.04, 0.16, 0.02, 2.96, 2.90, 0.12 हे. कुल ख.नं. 11 कुल रकबा 13.0500 हे. भू-राजस्व अभिलेख में आवेदिका क्र. 1. श्रीमती रेखा गौतम पिताा स्व. तोपसिंह चन्तारे, 2. श्रीमती रजनी सावरकर पिता स्व. तोपसिंह चन्तारे एवं अनावेदकगण क्र. 1 श्रीमती सुमन चन्तारे पति स्व. तोपसिंह चन्तारे, 2. संजय चन्तारे पिता स्व. तोपसिंह चन्तारे, 3. मनोज चन्तारे पिता स्व. तोपसिंह चन्तारे के नाम पर शामिलात खाते में भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त पैतृक संपत्ति का आवेदिका क्रं. 1 व 2 द्वारा स्वयं तथा अनावेदकगण क्रं. 1, 2 एवं 3 के मध्य बराबर-बराबर खाता विभाजन बटवारा कर पृथक-पृथक राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

यदि जिस किसी व्यक्ति/कृषक खाता बटवारा कराने के संबंध में कोई आपत्ति/दावा या उजर हो तो स्वयं अथवा अपने विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय से में पेशी दिनांक 04.01.2024 को लिखित में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईशतहार आज दिनांक 04.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार धमधा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका नारायण सिंह पिता/पति स्व. श्यामलाल साहू निवासी मासाभाट मौजा मासाभाट प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 8, 180, 231, 244, 29, 30, 436, 451, 51, 53 रकबा 1.920, 1.9300, 2.2100, 5.9200, 0.0409, 0.7600, 1.2600, 0.2500, 0.5900, 11.160 हे. श्यामलाल साहू के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी दिनांक 07.07.2021 की मृत्यु हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 26.12.2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं निकेत सोनी (NIKET SONI) पिता स्व. नवीन सोनी आयु 18 वर्ष निवासी एल.आई.जी 295 बाल उद्यान उत्तर व पश्चिम, वार्ड 14 कुम्हारी तह. व जिला दुर्ग का निवासी हूं। मेरे नाम पर भारतीय जीवन बीमा निगम में पॉलिसी खुलवाया हूं जिसका नं. 386371556 है, जिसमें मेरा नाम (mohit ALS Mrityunjay soni) मोहित उर्फ मृत्युजय सोनी दर्ज है जो कि लिपीकीय त्रुटि है। मेरे आधार कार्ड एवं मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम निकेत सोनी (NIKET SONI) दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है तथा मेरा आधार कार्ड क्रमांक 6924 4209 8381 है। मेरा नाम उक्त पॉलिसी में (mohit ALS Mrityunjay soni) दर्ज हो गया है उसके स्थान पर निकेत सोनी (NIKET SONI) दर्ज कर गजट में प्रकाशन कराने के समर्थन में यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
निकेत सोनी

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202312101400010/अ-6/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक थानसिंह रंगारी पिता राजाराम रंगारी निवासी वार्ड क्रं. 01 जुनवानी भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि भूमिस्वामी हिरौंदी बाई पिता जिवराखन के नाम पर हक भूमिस्वामी जमीन वाके मौजा डुमरडीह प.ह.नं. 51 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 379/2, 379/4 रकबा 0.190, 0.1400 हे. कुल रकबा 0.3300 हे. लगान 1.66 रु. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। वर्तमान में भूमिस्वामी हिरौंदी बाई की मृत्यु दिनांक 20.08.2007 को तथा उसके पति बिसरुराम पिता जोधन महार की मृत्यु दिनांक 30.12.2005 हो चुकी है। जिनका कोई आल/औलाद पुत्र/पुत्री नही है अर्थात वे निःसंतान थे। भूमिस्वामी हिरौंदी बाई के पति बिसरु के बड़े भाई अर्थात भूमिस्वामी के जेठ बिहारी पिता जोधन नही है। बिहारी की एवं उसकी पत्नी की भी मृत्यु हो चुकी है। बेदू बाई की भी मृत्यु दिनांक 24.12.2016 को हो चुकी है जिनके वारिसान थानसिंह रंगारी पुत्र, रामकुमार अंगारी पुत्र दोनो पिता राजाराम रंगारी मृतको की फौती फौती दर्ज कर उसके वैध वारिसानों के नाम पर दर्ज किए जाने फौती नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.12.2023 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार-01 दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

क्र./प्र.1अति.तह./वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक डी.सी. सामुवेल आ. स्व. चैल्लप्पन साकिन स्मृति नगर भिलाई के द्वारा ग्राम खेदामारा प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 537/16 रकबा 0.090 हे. भू. रा. 0.02 रूपए से संबंधित ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति में ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त भूमि द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 21.12.2023 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

आईपीएस मीणा सीबीआई में डीआईजी

रायपुर/नईदिल्ली। छत्तीसगढ़ कैडर के 2007 बैच के IPS अफसर जितेंद्र मीणा को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई में उप महानिरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति सीबीआई में पांच सालों के लिए होगी। इसके अलावा चार एसपी को भी नियुक्त किया गया है। नियुक्त चार आईपीएस अफसरों में विनायक वर्मा (मध्य प्रदेश कैडर), अचल त्यागी (गुजरात कैडर), प्रवीण कुमार (गुजरात कैडर) शामिल हैं।

मां हंसा योगेंद्र 16 को रायपुर में

रायपुर/नवप्रदेश। द योग इंस्टीट्यूट की वर्तमान निदेशिका, प्रख्यात योग गुरु एवं लेखिका मां हंसा जयदेव योगेन्द्र शनिवार 16 दिसम्बर को रायपुर पधार रही हैं। 1918 में स्थापित द योग इंस्टीट्यूट की 76 वर्षीय प्रमुख डॉ हंसा योगेन्द्र मुम्बई से प्रातः 9 बजे रायपुर विमानतल पर आकर द योग इंस्टीट्यूट, शंकर नगर रायपुर जायेंगी और शाम 3.30 से 5.00 बजे तक आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अपने अनुयाइयों को सम्बोधित करेंगी। रायपुर के संस्था प्रमुख मनजीत स्थापक ने बताया कि द योग इंस्टीट्यूट विश्व भर में योग के उन्नयन एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सतत सँलग्न है। यह संस्थान और रायपुर के लिए हर्ष का विषय है कि मां हंसा रायपुर पधार रही हैं जिनको सुनने के लिए बड़ी संख्या में जनमानस की उपस्थिति अपेक्षित है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। चंदखुरी फार्म नगपुरा रोड में पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर लोहे के पाइप से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी लिशांक टंडन 20 वर्ष ग्राम बरछा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी चंदखुरी फार्म नगपुरा रोड स्थित नहर के पास बैठा था, तभी आरोपी नीरज वर्मा अपने तीन अन्य साथियों के साथ आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम टोर स्थित शीतला मंदिर के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक की मौत हो गई। वहीं दो महिलाओं को चोट आई है। मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक धनेश्वर साहू 44 वर्ष मांढर का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक में चंपेश्वरी साहू व सुशीला साहू को बिठाकर कहीं जा रहा था, तभी ग्राम टोर के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक धनेश्वर की मौत हो गई। वहीं चंपेश्वरी और सुशीला को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में विधानसभा पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चरित्र पर संदेह कर पत्नी को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। राजातालाब काली मंदिर के सामने चरित्र पर संदेह कर युवक ने अपनी पत्नी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मंजू दीप 28 वर्ष राजातालाब की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि उसका पति वीरेन्द्र दीप 30 वर्ष ने प्रार्थिया के चरित्र पर संदेह कर गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

युवक पर ब्लेड से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर एक युवक ने दूसरे पर ब्लेड से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी मोहम्मद निजाम 43 वर्ष राजातालाब का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी कल पंडरी शराब दुकान गया था, जहां आरोपी शेर सिंह ने प्रार्थी से शराब के लिए पैसा मांगा। जिससे प्रार्थी ने देने से मना किया तो आरोपी ने प्रार्थी पर ब्लेड से हमला कर चोट पहुंचाया।

स्वास्थ्य सेवा का कार्य सर्वश्रेष्ठ कार्य : हरिचंदन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के हीरक जयंती समारोह में शामिल हुए। उन्होंने इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के भूतपूर्व अधिष्ठाताओं, शिक्षकों और प्रथम बैच के विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री हरिचंदन ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वास्थ्य सेवा का कार्य सर्वश्रेष्ठ कार्य है। जीवन के लिए संघर्ष करने वाले मरीजों के लिए डॉक्टर भगवान होते है। कोविड-19 के दौरान जब पूरी दुनिया भयभीत थी, तब डॉक्टर, नर्स, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, फ्रंट लाइन वारियर्स बन कर राष्ट्र व जनता की रक्षा के लिए आगे रहते थे। राज्यपाल ने कहा कि इस महाविद्यालय के शिक्षक प्रत्येक छात्र को एक अच्छा डॉक्टर बनाने के लिए कड़ी मेहनत करते है। वर्षो की उनकी मेहनत यहां के छात्रों की सफलता दिखाई देती है। शिक्षकों के समर्पण से विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रभाव पड़ता है। अच्छे डॉक्टर बनने और दूसरों की सेवा करने के लिए उनकी कड़ी मेहनत गर्व करने लायक है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गर्व का विषय है कि एक छोटा सा संस्थान जहां 60 विद्यार्थी ही प्रवेश ले पाते थे, वहां 230 विद्यार्थी एमबीबीएस पाठयक्रम में प्रतिवर्ष प्रवेश ले रहें है और यह राज्य का सबसे बड़ा चिकित्सा संस्थान बन गया है। राज्यपाल ने कहा कि यह संस्थान उन वरिष्ठ शिक्षकों को याद कर रहा है जिन्होंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा शिक्षा क्षेत्र में समर्पित किया है। एक शिक्षक के रूप में उनकी सेवाओं को वर्षो तक याद रखा जाएगा। पूर्व-कुलपतियों, पूर्व-डीन, प्रोफेसरों और शिक्षकों का अभिनंदन अपने आप में एक सम्मान है। उनके अनुभव, ज्ञान और आशीर्वाद वर्तमान और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे।

चपरासी से लेकर क्लास वन अफसरों के गोपनीय प्रतिवेदन ऑनलाइन होंगे जमा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अब चपरासी से लेकर क्लास वन अफसरों के गोपनीय प्रतिवेदन ऑनलाइन किए जाएंगे। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों से अपने-अपने माहततों के आईपीआर एवं एसीआर की जानकारी चिप्स कार्यालय भेजने कहा है। छग अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने भाजपा की घोषणा पत्र समिति के संयोजक विजय बघेल को इस संबंध में सुझाव दिया था। उपसचिव जीएडी मेरी खेम्स ने अपने पत्र में बताया कि 18 अक्टूबर को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि अवकाश स्वीकृति प्रणाली, अचल संपत्ति विवरण (IPR) और वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन (ACR) का क्रियान्वयन समस्त विभागाध्यक्ष कार्यालयों में किया जाना है, ऐसा ही माड्यूल मंत्रालय में उपयोग किया जा रहा है। इसलिए सभी विभागाध्यक्ष चिप्स कार्यालय को अपनी सहमति भेजे।

सभी विभागों में होगा लागू

इस संबंध में बताया गया कि यह ऑनलाइन सिस्टम सभी 52 विभागों में लागू किया जाएगा। इसके तहत कर्मचारी अपने उपरोक्त विवरण अपनी आईडी पर ऑनलाइन देख सकेंगे। इसके लागू होने से क्रमोन्नति, पदोन्नति और सीआर जैसी प्रक्रिया अफसर अब वर्षों तक नहीं रोक सकेंगे और प्राकृतिक न्याय का भी सम्मान होगा?

पीएससी मामले पर फिर कोर्ट जाएंगे ननकीराम

रायपुर/नवप्रदेश। पीएससी घोटाले के मुद्दे को लेकर भाजपा शुरू से ही आवाज उठाती रही. पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर पीएससी मामलें को लेकर फिर कोर्ट जाने की तैयारी में हैं।

ननकीराम कंवर ने कहा, सरकार को हमने सलाह दिया है कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को जेल भेजा जाए. प्रशासनिक दृष्टि से कांग्रेस सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया. जिन अधिकारियों की संलिप्तता है उन्हें भी जेल भेजा जाना चाहिए. ननकीराम ने कहा, सट्टा, कोयला की चोरी भी कांग्रेस सरकार ने कराई. जो IAS अफसर जेल गए हैं वो भले न बोले पर सट्टा खिलवाने वाले ने अपना मुंह खोला दिया है. पीएससी मामले में हमने सलाह दिया है कि पूर्व मुख्यमंत्री,उपमुख्यमंत्री को भी जेल भेजो, उन्हीं के रहते हुए यह घोटाला हुआ है. कुछ कार्रवाई नहीं हुई. प्रशासनिक दृष्टि से कोई कदम नहीं उठाया. इस मामले में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए थी।

गीत, नृत्य एवं नाटिकाओं ने बटोरी दर्शकों की तालियां

रायपुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित सांस्कृतिक युवा महोत्सव मड़ई 2023 के तीसरे दिन शुक्रवार को कृषि महाविद्यालय रायपुर के विभिन्न सभागृहों एवं प्रेक्षागृहों में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा कई मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई, जिसने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित सांस्कृतिक युवा महोत्सव मड़ई 2023 के तीसरे दिन शुक्रवार को कृषि महाविद्यालय रायपुर के विभिन्न सभागृहों एवं प्रेक्षागृहों में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा कई मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई, जिसने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। मड़ई 2023 के अंतर्गत आयोजित मूक अभिनय (माईम) प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा बिना किसी संवाद के केवल आंखों के भावों तथा चेहरे के संप्रेषण के माध्यम से दर्शकों तक अपना संदेश पहुंचाया गया।

रावतपुरा सरकार विवि का भारतीय भाषा उत्सव संपन्न

अच्छे अभिव्यक्ति का आधार है भाषा- कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रस्तावित 75 दिवस भारतीय भाषा उत्सव के संदर्भ में रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय द्वारा सुप्रसिद्ध कवी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुब्रमण्यम् भारती के जन्म जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कला एवं सामाजिक विज्ञानं संकाय द्वारा किया गया जिसके मुख्य अतिथि श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा, सम्मानित अतिथि डॉ. मनीष पाण्डेय और डॉ. अवधेश्वरी भगत ने अपने विचार व्यक्त किए। विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया जिसके तहत सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने अपनी मूल भाषा में हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने कहा की किसी भी राष्ट्र का विकास अच्छे अभिव्यक्ति पर आधारित है जो भाषा के माध्यम से ही संभव है। संचार के लिए विशेष रूप से दोतरफा संचार के लिए भाषा महत्वपूर्ण है। हमारा भारत देश जो 100 साल बाद वर्ष 2047 को विकशित देश के रूप में संपूर्ण विश्व के समक्ष होगा तब हामरे देश में बोले जाने वाली भाषा श्रेष्ठ भारत एवं अखंड भारत का प्रतिक होंगी । माननीय शर्मा जी ने बताया की ढ्ढष्टञ्जश्व द्वारा भी इंजीनियरिंग, मेडिकल साइंस जैसे अन्य प्रायोगिक स्ट्रीम में हिंदी एवं अन्य भाषओं में शिक्षा का प्रावधान कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के सभी विभागों के विद्यार्थियों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं जैसे मलयाली , उडिया, तमिल हिन्दी आदि में नृत्य, गीत एवं भाषण जैसे सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के कला विभाग की छात्रा दिव्या कुमारी ने किया और कार्यक्रम का समन्वयक हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ सविता वर्मा एवं समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ अंजली द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री से मिलकर युवाओं ने दी अपनी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्यमंत्री घोषित किए जाने के बाद कड़ी सुरक्षा में हैं। बावजूद इसके वे अपने मिलनसार स्वभाव के कारण जाने जाते हैं। कुछ ऐसा ही वाक्या नजर आया जब वे वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे। श्री साय के मंदिर परिसर में आने की सूचना मिलने पर यहां से गुजर रहे नर्सिंग कॉलेज के कुछ युवा भी मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। इसके बाद नवनियुक्त मुख्यमंत्री को देखते ही युवाओं ने उन्हें अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी। श्री साय ने भी युवाओं के साथ आत्मीयता के साथ मिले और संक्षिप्त चर्चा की। श्री साय ने कहा कि हमें छत्तीसगढ़ के विकास की अहम जिम्मेदारी मिली है।

रेलवे का रोलिंग ब्लॉक का काम पूरा, ट्रेनों की लेटलतीफी से अब यात्रियों को मिलेगी राहत

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे ने 26 सप्ताह का रोलिंग ब्लाक पूरा कर लिया गया है। इससे उम्मीद जताई जा रही है कि विभिन्न सेक्शनों में चल रहे काम के पूरा होते ही ट्रेनों की लेटलतीफी काफी हद तक कम हो जाएगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने रेललाइनों की मरम्मत और रखरखाव के लिए रोलिंग ब्लाक सिस्टम अपनाया है। रेलवे मंडल के अधिकारियों ने बताया कि रेललाइनों की लाइनिंग, लेवलिंग, अलाइनमेंट बहुत ही महत्वपूर्ण है। रेललाइनों के नीचे बिछी गिट्टी या बैलास्ट कुशन का कार्य करती है। रेल पटरी पर ट्रेनों के भार को सही मात्रा में बांटकर संचालन के दौरान सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाता है। इसी क्रम में रेललाइनों के मरम्मत, रखरखाव के लिए रोलिंग ब्लाक सिस्टम अपनाया गया। रेललाइनों में और भी कई प्रकार के मरम्मत के कार्य जैसे पुराने रेलों को बदलने, प्वाइंट एंड क्रासिंग, रेलवे पुलों आदि की भी मरम्मत व रखरखाव जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की आवश्यकता को पूरी करने ट्रैफिक ब्लाक की आवश्यकता होती है। इसके अलावा विद्युतीकृत रेललाइनों के ऊपर गुजरने वाली ओएचई विद्युत लाइनों की मरम्मत रेलवे के विद्युत ट्रैक्शन विभाग ब्लाक करता है। सिग्नल, आटोमेटिक प्वाइंट, क्रासिंग, सिग्नल और दूरसंचार से संबंधित अन्य उपकरणों की मरम्मत व रखरखाव के लिए ब्लाक की आवश्यकता होती है। अधिकारियों ने बताया कि ब्लाक समय के दौरान दिन हो या रात, सर्दी, धूप हो या फिर बरसात कभी भी रेल के कर्मचारी ब्लाक में मिले समय का सदुपयोग करते हुए संरक्षित रेल परिचालन का काम करते हैं। साथ ही साथ इसी समय में रेलवे लाइनों पर ट्रैकों की मरम्मत करने वाली मशीनों से भी काम लिया जाता है। रेललाइनों पर जितना जरूरी ट्रेनों का समय पर चलना है, उतना ही जरूरी रेल परिचालन में संरक्षा को सुनिश्चित करना भी है।

मुख्यमंत्री के गृहग्राम की महिलाओं में उत्साह का माहौल

पारंपरिक नृत्य में खूब झूमी महिलाएं

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री बनने पर जशपुर जिले के महिलाओं ने भी जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। महिलाएं अपनी खुशी का इजहार करने के लिए रायपुर के विधायक निवास कॉलोनी पहुंचकर झूमकर नृत्य किया। मुख्यमंत्री के गृह ग्राम की महिलाओं में उत्साह का माहौल जशपुर जिले की श्रीमती ममता कश्यप, श्रीमती शारदा प्रधान, श्रीमती रीना बरला ने बताया कि आज हम महिलाओं की मंडली मुख्यमंत्री श्री विष्णु साय की पत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय से मुलाकात किए और उनके साथ मिलकर पारंपरिक लोक नृत्य का आनंद लेते हुए खुशियां मनाई सभी महिलाओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

ठंड में इजाफा होते ही सुबह की सैर हुई सुहावनी

रायपुर/नवप्रदेश। मिचौंग तूफान के जाते ही बादलों के छंटने के बाद रायपुर सहित पूरे प्रदेश भर में इन दिनों दिन एवं रात के तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है। रात नौ बजे के बाद से ही ठंड जोरदार पड़ती है। सुबह के समय शहर के कुछ हिस्सों में गहरा कोहरा भी दिखाई दे रहा है। नियमित रूप से सुबह की सैर करने वाले गर्म कपड़े पहनकर बाग बगीचों में जहां रौनक बढ़ा रहे है वहीं योग करने वालों की संख्या में भी अन्य मौसमों की तुलना में वृद्धि देखी जा रही है। कुछ बगीचों में सुबह के समय वयोवृद्ध नागरिकों द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है वहीं कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित आक्सीजोन में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा हर शनिवार को पुराने नगमों के साथ संगीत संध्या का आयोजन भी स्वल्पाहार के साथ जारी है। मौसम वैज्ञानिक चंद्रा के अनुसार आने वाले दिनों में उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं से रायपुर सहित पूरे प्रदेश भर में तापमान में गिरावट होने से कड़ाके की ठंड पड़ेगी। प्रदेश के बस्तर एवं उत्तरी हिस्से में स्थित सरगुजा संभाग के जिले अंबिकापुर रामानुज गंज मनेंद्र गढ़ चिरमिरी कुनकुरी, रायगढ़, जशपुर नगर, बगीचा, सन्ना मनोरा पंडरापाठ एवं कुसमी में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

अरविंद नेताम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दी बधाई



रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आदिवासी नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद नेताम ने विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री चुने जाने पर बधाई दी है। उन्होंने खास तौर पर देश के केंद्रीय नेतृत्व को बधाई देते हुए कहा है कि जनजाति क्षेत्र से मुख्यमंत्री चुने जाने से वह आदिवासी इलाके की चुनौतियों, परिस्थितियों और मनोभाव को समझेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री श्री साय जनजाति समाजों से बातचीत कर आदिवासी क्षेत्रों के विकास को नई गति देंगे। श्री नेताम ने कहा कि जनजाति समाज से श्रीमती द्रोपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना और छत्तीसगढ़ में जनजाति समाज से श्री विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिलना समाज के लिए बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि जनजाति वर्ग के लोग कम कहते है और करते अधिक हैं। इसी तरह नए मुख्यमंत्री श्री साय भी काम करेंगे। वे जनजाति समाज से होने के कारण समाज के मनोभाव को समझेंगे। श्री नेताम ने बताया कि उन्हें छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री और मंत्रीमण्डल के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आमंत्रण मिला है, जिसमें वे शामिल होंगे।

कलेक्टर ने चरईडॉड़-बगीचा में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज चरईडॉड़-बगीचा में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और कार्य के गुणवत्ता की जायजा ली। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, एसडीएओ और उप अभियंता को समय पर सड़क निर्माण के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क निर्माण के कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा।

कलेक्टर डॉ. मित्तल ने चल रहे निर्माण कार्य की जायजा लेते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी को सड़क डमरीकरण कार्य में प्रगति लाते हुए समय पर कार्य को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

संबंधित विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि चराईडॉड़ से बगीचा सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। चराईडॉड़ से बगीचा तक डमरीकरण रोड़ निर्माण किया जा रहा है। डमरीकरण होने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और क्षेत्र के लोग घुल-धकड़ से निजात पाएंगे।

न्यूज गैलरी

एसपीएल 4 का आगाज आज

सुकमा/नवप्रदेश। मिनी स्टेडियम में आईपीएल की तर्ज पर क्रिकेट का महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरुआत बुधवार को सीजन 3 के विनर टीम डीएस ब्लास्टर और रनरअप टीम ट्राइबल्स योद्धा के मैच के साथ एसपीएल सीजन 4 का आगाज होगा। सुकमा व

ओडिशा के मलकानगिरी के खिलाड़ी अपना जौहर दिखाएंगे। इसमें कुल 8 टीमों के बीच 32 मैच खेले जाने हैं। 28, 29 को सेमीफानल और 30 को फाइनल मुकाबले के साथ सीजन का समापन होगा। इसके विजेता टीम को ट्राफी के साथ 2,22,222 रुपए का प्रथम पुरस्कार जबकि उप विजेता के लिए ट्राफी सहित 1,11,111 रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। **ये है खास:** एसपीएल सीजन 04 इसलिए भी खास है क्योंकि इस बार सभी मैचों में निर्णायक के रूप में बीसीसीआई पैनल से छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट एसोशियेशन के 2 अंपायर बुलाए जा रहे हैं। जो सभी मुकाबलों में अपनी अंपायरिंग से पूरे मैचों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही इस सीजन का आगाज नागरिक 11 और अधिकारी 11 के फ्रेंडली मैच से एसपीएल सीजन 04 की शुरुआत होगी। इसमें इस बार जिला प्रशासन अमले के प्रमुख कलेक्टर और एसपी को गेंद और बल्ले से अपना जौहर दिखाते नजर आएंगे।

ओपनिंग सेरेमनी में चीयर लीडर्स करेंगी दर्शकों का मनोरंजन: इस एसपीएल सीजन 04 में ओपनिंग सेरेमनी में चीयर लीडर्स दर्शकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र बनेंगी। सीजन 03 के सफल आयोजन को ध्यान में रखते हुए सीजन 04 को रोमांचित और आकर्षक बनाने के लिए कमेटी ने ओपनिंग सेरेमनी और क्लोजिंग सेरेमनी के लिए चीयर लीडर्स का अभिनय प्रदर्शन किया आयोजन कराने जा रहा हैं।

शराब पीते 21 पकड़े गए

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में

होटल, ढाबा एवं चखना सेंटर मैं शराब पिलाने वालों के विरूद्ध जिले के थानों में की कार्यवाही गई, जिसमें थाना कोतवाली में 36च की 03 कार्यावाही ए बसंतपुर में 36 च की 03 कार्यावाही लालबाग में 36च की 02 कार्यावाही चिखली में 36 च की 01 कार्यावाही तथा 34 ए की 02 कार्यावाही सुरगी में 36 च की 02 कार्यावाही तुमड़ीबोड़ में 36 च की 01 कार्यावाही डोंगरगढ़ में 36 च की 03 कार्यवाही छुरिया में 36 च की 01 कार्यावाही घुमका में 36 च की 02 कार्यावाही सोमनी में 36 च की 02 कार्यावाही हुई इस तरह जिले में बीती रात होटल, ढाबा, चखना सेंटर में छापा मारकर कुल 36 च आबकारी एक्ट के तहत 21 कार्यवाही की गई है।

कोचिए से 75 पौवा शराब जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुखबीर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते पुलिस ने ग्राम कंदई में बेचने के लिए रखे 75 पौवा शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही हैं। जिसके तहत 10 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कंदई का दिलीप पटेल अपने घर ब्यारा में पैरावट के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने शराब रखा हैं कि सूचना पर पुलिस चौकी देवरबीजा एवं सायबर सेल स्टाफ गवाहों के साथ मौके पर पहुचकर आरोपी को पकडा गया। जिस पर पुलिस चौकी देवरबीजा थाना बेमेतरा में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी दिलीप पटेल पिता बिसनाथ पटेल उम्र 47 साल साकिन कंदई चौकी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (2) एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया हैं। आरोपी के कब्जे से 53 पौवा अंग्रेजी शराब किमती 6360 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं। उक्त कार्यावाही में सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि सुभाष सिंह, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, भागवत सिंह, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, राजेश ध्रुव, संजय पाटिल, रामेश्वर पटेल, रमेश चंद्रवंशी एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

दंतेश्वरी मंदिर परिसर विकास के नाम पर अनियमितता का आरोप

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। मां दंतेश्वरी की नगरी में रिवर फ्रंट डवलपमेंट और टेंपल कॉरीडोर निर्माण का काम फर्जीवाड़े की भेंट चढ़ चुका है। यहां मंदिर प्रांगण में करीब दस अलग-अलग कार्य कराए जा रहे हैं, इसका मकसद मंदिर प्रांगण को खूबसूरत व अलग पहचान दिलाना है। लेकिन इस कार्य में जमकर गड़बड़ियां की जा रही हैं।

टेंडर प्रक्रिया, नॉन एसओआर आइटम के रेट, कार्य का भुगतान आदि में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ियां की गई। 43 करोड़ की लागत से जिन कार्यों को कराया जा रहा है, उनमें कॉरीडोर निर्माण, रिटेनिंग वाल, प्रवेश द्वार, बाउंड्री वाल, ज्योति कलश भवन, शापिंग कांप्लेक्स, कियॉस्क, ट्रेस, देवडेरा, त्रिदेव स्थानम और घाट डेवलपमेंट आदि शामिल हैं। इन सभी कार्यों की लागत 43 करोड़ है। काम कृष्णा इंटरप्राइजेस रायपुर द्वारा कराये जा रहे हैं। इन कार्यों को कृष्णा इंटरप्राइजेस को देने आरईएस विभाग ने मेहरबानी दिखाई। तकनीकी जानकारों के अनुसार ये सारे कार्य 15 करोड़ रुपये में ही कराए जा सकते थे। इन सारे अधूरे कार्यों का लोकार्पण वर्चुअली तात्कालीन सीएम ने आचार संहिता से ठीक पहले किया है।

रिटेनिंग वाल निर्माण के लिए गोपनीय तरीके से निकाली गई निविदा

इतना ही हेंड कार्विंग के बजाय मशीन से खुदाई वाले पत्थरों का इस्तेमाल कॉरीडोर में किया जा रहा है। इस कार्य की लागत 7 करोड़ रुपए हैं। जिन पत्थरों का इस्तेमाल कॉरीडोर में किया जा रहा है उनकी मोटाई भी काफी कम है। मंदिर के समक्ष ही रिटेनिंग वाल का निर्माण कराया जा रहा है। इस कार्य को आरईएस ने कृष्णा इंटरप्राइजेस को देने वाल के 46 टुकड़े कर दिए। 600 मीटर लंबी रिटेनिंग वाल का विज्ञापन गोपनीय तरीके से लगाकर कृष्णा इंटरप्राइजेस को ही इसका भी वर्क आर्डर दे दिया। सभी पार्ट की निविदा एक साथ लगायी गयी, एक ही साथ वर्क आर्डर भी जारी किया गया। दो रिटेनिंग वाल की लागत 19 करोड़ 54 लाख रुपए हैं। इस कार्य में 20 एमएम से मोटा सरिया कहीं भी इस्तेमाल नहीं किया गया। जबकि अफसरों का दावा 32 एमएम सरिया लगाने का किया जा रहा है।

ज्योति कलश भवन की लागत एक से आठ करोड़ पहुंची। कृष्णा इंटरप्राइजेस द्वारा ही ज्योति कलश भवन का निर्माण कराया गया है। इस कार्य की लागत पूर्व कलेक्टर के समय एक करोड़ थी जो बाद में साढ़े तीन करोड़ और फिर अंततः आठ करोड़ की गई। तात्कालीन सीएम ने जब इस काम की पहली ईंट रखी तक ये एक करोड़ की थी। जिस पत्थर का पीडब्ल्यू एसओआर में रेट दो हजार रुपए है। आरईएस द्वारा उसका भुगतान साढ़े सात हजार रुपए स्क्वायर मीटर के दर से किया गया है।

महाकाल कॉरीडोर की तर्ज पर होना था निर्माण

मंदिर परिसर में कॉरीडोर निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी लागत सात करोड़ रुपए हैं। उज्जैन महाकाल कॉरीडोर की तर्ज पर ही यह निर्माण किया जाना है। इसकी लंबाई 113 मीटर है। इस कार्य में अनियमितता बरती जा रही है। जिन पत्थरों का इस्तेमाल उज्जैन में किया गया। वही पत्थर यहां भी लगाए जाने थे, लेकिन ठेकेदार ने धौलपुर राजस्थान के बजाय अन्य खदान से घटिया दर्जे का पत्थर लाकर यहां लगा दिया। ट्रेस के डिजाइन को बदलकर अब सीट लगाई जा रही है।

टेंडर में अनियमितता

समस्त कार्यों का टेंडर मैनुअल पद्धति से कराया गया, जबकि यहां आनलाइन टेंडर लगाये जाने थे। भंडार क्रय नियम अनुसार बीस लाख से अधिक राशि के कार्यों का टेंडर दो प्रदेश स्तरीय और दो राष्ट्रीय स्तर के अखबारों में प्रकाशित कराया जाना होता है। रिटेनिग वाल के 46 टुकड़े कर दिये। इसके पीछे वजह ये है कि ईई को 50 लाख के अंदर ही ऐसे कार्य की तकनीकी स्वीकृति का अधिकार है। इससे ज्यादा राशि के टीएस के लिए उच्चाधिकारियों का सहारा लेना पड़ता। पूरे परिसर में जारी दस कार्यों के 60 टुकड़े कर दिए। प्रभारी ईई ने निविदा प्रकाशित कराने की बात कही है।

कई भागों में स्वीकृति

इसके साथ ही बाउंड्री वाल का निर्माण भी इसी फर्म द्वारा कराया जा रहा है। इसकी लागत दो करोड़ 25 लाख रुपए है। ये कार्य भी टुकड़े में कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही घाट डेवलपमेंट व अन्य आवश्कताओं का विस्तार के नाम पर पांच करोड़ साठ लाख रुपए खर्च किये जा रहे हैं। इसकी स्वीकृति भी आठ से दस भागों में की गई है। नदी के दोनों छोर पर सीढ़ियां बनाई जानी है। सीढ़ियों के पास प्रवेश द्वार और पगोड़ा बनाया जाना है। इसके साथ ही एक टन का घंटा भी लगाया जाना है।

आधे से कम काम का 90 फीसदी भुगतान

सभी कार्यों के लिये जब ठेकेदार ने एक ईंट भी नहीं रखी थी, चालीस प्रतिशत राशि का अग्रिम भुगतान कर दिया गया। इतना ही नहीं रिटेनिंग वाल का कार्य जो वर्तमान में 30 प्रतिशत हो पाया है, उसकी 90 प्रतिशत राशि का भुगतान कर दिया गया है।

इस बात की पुष्टि प्रभारी ईई श्री ठाकुर ने की है। तकनीकी जानकारों की माने तो जितना कार्य धरातल पर दिख रहा है उसका मूल्यांकन तीन करोड़ रुपए से अधिक नहीं हो सकता। लेकिन अब तक इस कार्य का भुगतान नौ करोड़ से ज्यादा का हो चुका है।

फाइल देखकर बताऊंगा: प्रभारी ईई *इन कार्यों के संबंध में जब श्री ठाकुर से सवाल किया गया तो उन्होंने हर सवाल का जबाव फाइल देखकर देने की बात कही। उन्होंने यह जरूर बताया कि, 42 करोड़ के कार्य मंदिर के आसपास कराए जा रहे हैं। सारे कार्य एक ही फर्म कृष्णा इंटरप्राइजेस के जरिए कराए जा रहे हैं।*

डाकसेवक 9 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

भोपालपटनम/नवप्रदेश। ग्रामीण डाक सेवक संवर्ग के सभी संगठनों ने केन्द्र सरकार की जनविरोधी, मजदूर विरोधी, कारपोरेट, पूंजीपति परस्त नीतियों और कार्यवाहियों के खिलाफ तथा नौ सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार 12 दिसंबर से अनिश्चितकालीन राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर चले गए हैं। यह जानकारी सहायक संभागीय सचिव पुरुषोत्तम मारकोंडा ने दी। उन्होंने बताया कि उनकी 9 सूत्रीय मांगों में सभी ग्रामीण डाक सेवकों को सिविल सर्वेंट का दर्जा देने। काम का समय सीमा 8 घंटे लागू करना, कमलेश चंद्र कमेटी व्दारा दिए गए सभी अनुशंसाओं (सभी ग्रामीण डाक सेवकों के)को लागू करने, सेवाकाल में तीन पदोन्नति देना(1जनवरी 2016 से ही) लागू करने, रोके गे 18 माह के डीए एरियर्स का

तत्काल भुगतान करने, न्यूनतम वेतन और फिटमेंट फैक्टर में वृद्धि करने, सभी फ्रंटलाइन वर्कर्स और जीडीएस का समुचित बीमा कराने, ग्रामीण डाक सेवकों के लिए ग्रुप इंश्योरेंस की राशि 5 लाख तत्काल करने, ग्रेच्यूटी विभागीय कर्मचारी के अनुसार दिए जाने, सभी कर्मचारियों और ग्रामीण डाक सेवकों को सार्वजनिक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने, ग्रामीण डाक सेवकों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करना, सह आरोपी बनाकर निरीह और निर्दोष कर्मचारियों को प्रताड़ित करना बंद करें, अनावश्यक चार्जशीट देने बंद करें, अनौचित्यपूर्ण दंड देने बंद करें, डाक घर के कर्मचारियों के लिए सभी कल्याणकारी योजनाओं को लागू करें और जबरदस्ती और ्नौचित्यपूर्ण वसूली का आदेश बंद किया जाना आदि शामिल हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

नारायणपुर/नवप्रदेश। साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत ने भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों खासतौर पर वंचित और असंतृप्त लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने प्रारंभ किए जा रहे ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के सफल आयोजन के लिए जिला अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ शासन मुख्य सचिव कार्यालय से जारी विस्तृत दिशा निर्देशों के अनुरूप यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने योजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को दी जाए और पात्र हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु जिला पंचायत के सीईओ देवेश कुमार ध्रुव को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के संबंध में कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों एवं पत्रों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समय सीमा मे प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें ताकि राज्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मुख्यालय दिवस सोमवार को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे, जिससे आम जनता के समस्याओं का समय पर निराकरण हो सके। कलेक्टर ने विकसीत भारत संकल्प यात्रा आयोजन करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जिले में संचालित सभी आश्रम एवं छात्रावासों और विद्यालयों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने हैण्डपंप की मरम्मत, जाति प्रमाण पत्र, लोक सेवा केन्द्र से मिलने वाली सेवाओं का सतत संचालित करने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने जिले के 135 आंगनबाड़ी केन्द्रों में बाउंड्रीवॉल का निर्माण समय सीमा में पूर्ण कराने तथा पोशण ट्रेकर एप के माध्यम से नियमित रूप से एन्ट्री कराने के निर्देश कार्यक्रम अधिकारी को दिये। आंगनबाड़ी केन्द्रों में खिलौना खरीदने का समीक्षा करते हुए शीघ्र बच्चों के लिए खिलौना उपलब्ध कराने कहा। बस्तर विकास प्राधिकरण के स्वीकृत कार्यो के तहत् बनाये जाने वाले सड़क, स्कूल आंगनबाड़ी भवनों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिये।

डीएमएफ के सभी स्वीकृत निर्माण कार्यों को फरवरी तक पूर्ण करें

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिला कार्यालय के सभा कक्ष में डीएमएफ फंड के स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर फरवरी के अंत तक निर्माण एजेंसियों को सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के लिए निर्देश दिया गया। उन्होंने समीक्षा करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और डीएमएफ फंड के निर्माण कार्य के नोडल अधिकारी को निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक लेकर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वीकृत निर्माण कार्य में उप स्वास्थ्य केन्द्र, आरसीसी पुलिया निर्माण, बाउंड्रीवाल निर्माण, सड़क निर्माण, विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष निर्माण सहित सभी निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश

दिये। उन्होंने निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित जनपद सीईओ अपने-अपने क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिवों की बैठक लेकर निर्माण कार्यों को पूर्ण कराएं। उनके द्वारा जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों में स्वीकृत किये गये निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने की स्थिति में एजेंसियों को बदले जाने के निर्देशित किये गये। कलेक्टर अजीत वसंत ने उप अभियंता और तकनिकी सहायकों को हिदायत देते हुए कहा है कि डीएमएफ फंड के स्वीकृत निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि अधूरे प्राथमिक शाला, उप स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी केन्द्रों को 15 जनवरी तक पूर्ण करें। तीन दिवस के भीतर सभी स्वीकृत निर्माण कार्यों का राशि एजेंसियों को जारी करने के निर्देश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिये। समीक्षा करते हुए डीएमएफ फंड के नोडल अधिकारी से कहा कि प्रत्येक माह कम से कम दो बार निर्माण एजेंसियों का बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा करें ताकि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जा सके। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार धुव, डीएमएफ फंड के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर दीनदयाल मण्डावी, जनपद सीईओ ओरछा सुमित बघेल, नारायणपुर हिम्मत सिंह उईके सहित उप अभियंता और तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

22 पौवा शराब जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही हैं। प्रतीक ठाकुर नाम का व्यक्ति ग्राम नवागांव कला रहने वाला ग्राम दाढी गौठान चौक के पास अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री कर रहा हैं की सूचना पर कार्रवाई की गई।

बस में लगी आग, यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

कोंडागांव/नवप्रदेश। कोंडागांव जिले के केशकाल में मंगलवार तड़के सुबह महिंद्रा ट्रेवल्स की यात्री बस में अचानक आग लग गई। जिससे अफरा तफरी मच गई। दरअसल, बस केशकाल से जगदलपुर के लिए निकली हुई थी और इसी दौरान डिपो के पास शॉर्ट सर्किट की वजह से चलती बस में आग लग गई जिससे बस में सो रहे यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। चलती बस से कूदने की वजह से कई यात्री घायल भी हुए हैं जिन्हें केशकाल स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है. हालांकि अच्छी बात रही कि इस चलती बस की आग में कोई यात्री नहीं झुलसा और सही समय पर सभी ने बस से उतरकर अपनी जान बचा ली।

यात्रियों का बस में रखा लगेज और पूरी तरह से जलकर खाक हो गया. सूचना मिलने के बाद तुरंत मौके पर केशकाल पुलिस भी पहुंची, जिसके बाद घायल यात्रियों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट ही बताया जा रहा है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, बताया जा रहा है कि बस में जैसे ही आग लगी तुरंत कंडक्टर और बस ड्राइवर बस छोड़कर मौके से फरार हो गए।

फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया

कोंडागांव जिले के केशकाल में मंगलवार तड़के सुबह एक बड़ा हादसा होने से बच गया चलती यात्री बस में आग लग जाने की वजह से बस के अंदर अफरा तफरी मच गई। घटना सुबह 3.30 से 4.00 बजे होने की वजह से नेशनल हाईवे में कोई भी मौजूद नहीं था। जैसे ही बस में आग लगी तुरंत बस ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़कर भाग निकले। इसके बाद बस में सो रहे यात्रियों को बस में आग लगने का आभास हुआ जिससे चलती बस से ही कुछ यात्रियों ने छलांग लगा दी जिस वजह से उन्हें चोट भी आई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तीन से चार यात्रियों को बस से कूदने की वजह से सिर और पैर के साथ हाथ में भी गंभीर चोट आई है। हालांकि, सही समय पर सभी यात्री जलती हुई बस से बाहर निकलने में सफल रहे। लेकिन अपने- अपने लगेज को नहीं बचा सके। देखते ही देखते आग ने पूरे बस को अपने चपेट में ले लिया और बस धूं-धूं कर जलने लगी। केशकाल थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टिया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। वहीं पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल घायलों का उपचार स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। जहां सभी की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। इधर बस में लगी आग को बुझाने फायर ब्रिगेड को तत्काल फोन किया गया जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम काफी मशक्कत करने के बाद बस में लगी आग पर पूरी तरह से काबू पाई। थाना प्रभारी ने बताया कि इस हादसे में एक भी यात्री नहीं झुलसा। हालांकि यात्री बस से कूदने की वजह से जरूर उन्हें चोट आई है जिनका इलाज जारी है।

पीएलजीए सप्ताह में नक्सलियों का जमावड़ा ग्रामीण हुए शामिल

बीजापुर/नवप्रदेश। नक्सलियों ने अपने पीएलजीए वर्षगांठ समारोह का एक वीडियो जारी किया है।

वीडियो में बड़ी संख्या में हथियारबन्द नक्सलियों के साथ ग्रामीण और संगठन में नई भर्ती हुए आदिवासी युवा भी पीएलजीए वर्षगांठ मनाते हुए नजर आ रहे हैं। यहां पर माओवादियों ने सिर्फ पीएलजीए वर्षगांठ ही नहीं मनाया बल्कि फिलिस्तीन के समर्थन में भारत, अमेरिका और इजरायल देशों के प्रधानमंत्री का पुतला दहन भी किया है। उल्लेखनीय है कि, नक्सलियों ने 2 से 8 दिसंबर तक पीएलजीए की 23वीं वर्षगांठ मनाने का ऐलान किया था और अब बीजापुर और सुकमा के सीमावर्ती इलाके से दो तस्वीरें निकलकर आई हैं। इन तस्वीरों में बड़ी संख्या में हथियारबन्द नक्सली ग्रामीणों के साथ समारोह पूर्वक वर्षगांठ मनाते हुए नजर आ रहे हैं। इसके पहले माओवादियों ने एक प्रेस नोट जारी कर इस बात की जानकारी साझा की थी कि, पिछले 11 महीना में उनके संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य कटकम सुदर्शन समेत कुल 54 नक्सली नेताओं की मौत हो गई थी

जिसमें 16 महिलाएं शामिल थी और मारे गए इन्हीं माओवादियों की याद में नक्सलियों का एक बड़ा कुनबा बीजापुर और सुकमा के सीमाई इलाके में एकत्र होकर ग्रामीणों के साथ वर्षगांठ समारोह मनाते हुए नजर आ रहा है।

खुफिया तंत्र को दिया चकमा

नक्सलियों द्वारा आज एक ही कार्यक्रम के दो अलग-अलग वीडियो जारी किए गए हैं। एक वीडियो में बड़ी संख्या में हथियारबंद नक्सलियों के साथ ग्रामीण नजर आ रहे हैं तो दूसरे वीडियो में नक्सली नेता मंच से ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नजर आ रहे हैं। बीजापुर और सुकमा के सीमा इलाके में मनाया गया यह समारोह किस गांव के आसपास मनाया गया यह स्पष्ट नहीं है, परंतु बताया जा रहा है कि सरकार के खुफिया तंत्र को चकमा देते हुए माओवादी आखिर एक बार फिर से एक बड़ा समारोह का आयोजन कर बड़ी संख्या में ग्रामीणों को एकत्र करने में कामयाब हो गए।

अरूण साव
विजय शर्मा
"जन-जन की सेवा में जनजाति के देव"
छत्तीसगढ़ के आदिवासी मुख्यमंत्री बनायें जाने पर
मान. विष्णु देव साय जी
को
हार्दिक बधाई
मान. विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़
रामदूत अभिषेक चौबे
भाजपा युवा मोर्चा, छत्तीसगढ़
अनिल मिश्रा
जगविंदर बग्गा
प्रविण दुबे

मान. डॉ. रमन सिंह
अध्यक्ष छग विधानसभा
मान. अरूण साव
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा छग
मान. विजय शर्मा
प्रदेश महामंत्री, भाजपा छग
श्री विष्णुदेव साय जी
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ राज्य
एवं भारतीय जनता पार्टी के
समस्त सम्मानीय विधायकों
को जीत की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मान. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़
श्रवण मरकाम
पूर्व विधायक,
सिहावा विधानसभा
शुभेच्छू
भावेश चोपड़ा
ढालचंद जैन
प्रेमनारायण सिन्हा
हितेश महेश सिन्हा
जीनेश जैन
प्रकाश बैस
अकबर कश्यप
निखिल साहू
नरेश सिन्हा
बलजीत छाबड़ा
राकेश चौबे
प्रेमसिंह मरकाम
शंभू टेकाम
सौजन्य :- वर्ल्ड ऑफ ज्वॉय एंड हैप्पीनैस परिवार
World of Joy & Happiness
गोपी किशन कश्यप
अध्यक्ष
विजया लक्ष्मी कश्यप
उपाध्यक्ष
कुलदीप साहू
सचिव
सुरेश नेताम
कोषाध्यक्ष